# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

haribhoomi.com


### क्या है ऑटोनॉमस कॉलेज

*अन्य महाविद्यालयों की तरह ऑटोनॉमस कॉलेज को भी विवि से संबद्धता हासिल करनी होती है। स्वयं से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए परीक्षाएं विवि प्रबंधन द्वारा आयोजित की जाती है। समय-सारिणी, सिलेबस सहित अन्य निर्धारण भी विवि ही करते हैं। ऑटोनॉमस कॉलेजों को इससे छूट हासिल होती है। उन्हें विवि से संबद्धता तो हासिल होती है, लेकिन समय-सारिणी घोषित किए जाने से*

शेष पेज 7 पर

# ‘ए ग्रेड’ कॉलेज चाहे तो विवि नहीं ले सकेंगे परीक्षा, सिलेबस में बदलाव का अधिकार भी

रुचि वर्मा | रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नैक से ए ग्रेड हासिल करने वाले निजी महाविद्यालयों की परीक्षा अब विवि नहीं ले सकेंगे। ए ग्रेड प्राप्त निजी महाविद्यालय ऑटोनॉमस बॉडी बनने के लिए पात्र होंगे। इसके लिए यूजीसी को आवेदन देना होगा। ए ग्रेड प्राप्त जो निजी महाविद्यालय यूजीसी को ऑटोनॉमस बॉडी बनने के लिए आवेदन देते हैं, केवल उन्हें ही जांच के उपरांत ऑटोनॉमी दी जाएगी, अर्थात कॉलेज चाहें तो विवि के अधीन रहना भी चुन सकते हैं। छग में इसकी शुरुआत हो गई है। बिलासपुर शेष पेज 7 पर

छग में चैतन्य महाविद्यालय पहला निजी संस्थान जो बना ऑटोनॉमस



### 10 वर्षों की ऑटोनॉमी

*महाविद्यालय को ऑटोनॉमस बॉडी के रूप में आने वाले 10 बी के लिए मान्यता मिली है। इसके बाद दोबारा समीक्षा होगी। मापदंडों पर खरा उतरने की स्थिति में पुनः ऑटोनॉमी प्रदान कर दी जाएगी।*

*- वीरेंद्र तिवारी, चेयरमैन, पामगढ़ महाविद्यालय*

### शासकीय महाविद्यालय के लिए ए ग्रेड जरूरी नहीं

ऑटोनॉमस महाविद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए शासकीय महाविद्यालय का ए ग्रेड होना अनिवार्य नहीं है। यूजीसी द्वारा ऑटोनॉमस कॉलेज के संदर्भ में शासकीय और प्राइवेट दोनों ही कॉलेजों के लिए पृथक-पृथक नियम बनाए गए हैं। निजी महाविद्यालय ए ग्रेड बनने की स्थिति में ही ऑटोनॉमस कॉलेज बनने के लिए आवेदन दे सकेंगे, जबकि शासकीय महाविद्यालयों को ऑटोनॉमी प्रदान करने का फैसला शासन का होता है। उदाहरणस्वरूप शेष पेज 7 पर

## लोकसभा और राज्यसभा में होगी 16-16 घंटे की चर्चा

# संसद में जारी रहा गतिरोध, ऑपरेशन सिंदूर पर सोम-मंगल को ‘शब्द-संग्राम’

**संसद में पिछले तीन दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। बुधवार को विपक्षी सांसदों ने बिहार चुनाव में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में नारेबाजी की और काले कपड़े लहराए। इस बीच, ऐसी उम्मीद है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी।**

हरिभूमि न्यूज | नई दिल्ली

संसद में अगले सप्ताह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होने की संभावना है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में इस मुद्दे पर 16-16 घंटे की चर्चा होगी। सरकार ने 21 जुलाई को कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में लोकसभा में इस मुद्दे पर 16 घंटे की चर्चा के लिए सहमति व्यक्त की थी।

बुधवार को राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक हुई, जिसमें 29 जुलाई को उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराने का निर्णय लिया गया। विपक्ष ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के दौरान सदन में रहें और इस मुद्दे पर बोलें। सूत्रों ने कहा कि अगर कोई व्यवधान नहीं शेष पेज 7 पर

### बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा नहीं



### लोकसभा में लहराए काले झंडे

लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बिहार में वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर संसद के मकर द्वार पर प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने काला गमछा डालकर विरोध जताया।

### सरकार ने की खास तैयारी

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तारीख और समय फिक्स होने से पहले सरकार ने खास तैयारी की है। जानकारी के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफअनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ एक के बाद एक, कई बैठकें की हैं। इन बैठकों का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का जवाब तैयार करना बताया जा रहा है।

### राज्यसभा में नहीं चल सका प्रश्नकाल

*राज्यसभा में सदन की बैठक शुरू होने पर शून्यकाल में उप सभापति हरिवंश ने कहा कि नियत कामकाज स्थगित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 25 नोटिस मिले हैं। उपसभापति ने बताया कि पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में ये नोटिस अस्वीकार कर दिए गए। नोटिस अस्वीकार किए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य अपने स्थानों से आगे भी आ गए। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण उच्च सदन में प्रश्नकाल भी नहीं चल सका। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी दलों के नेता अपने अपने मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे थे।*

### विधानसभा अध्यक्ष, सीएम सहित नेताओं ने शोक जताया

# नवा रायपुर में भीषण हादसा, डिवाइडर से टकराई बाइक, वनमंत्री के भतीजे की मौत

हरिभूमि न्यूज | रायपुर

नवा रायपुर में बुधवार सुबह सड़क हादसे में वनमंत्री केदार कश्यप के भतीजे, बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश



कश्यप के बेटे निखिल कश्यप की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि डिवाइडर से टकराने के बाद निखिल अपनी बाइक से उछलकर 40 फीट दूर जा गिरे। सिर पर शेष पेज 7 पर



### ईडी ने कसा शिकंजा

# मिंत्रा पर 1654 करोड़ फेमा उल्लंघन का केस

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट समर्थित ‘फैशन एवं लाइफस्टाइल’ मंच मिंत्रा, संबंधित कंपनियों और निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ रुपए से अधिक के एफडीआई ‘उल्लंघन’ में फेमा के तहत मामला दर्ज किया है।

वित्तीय अपराध जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम शेष पेज 7 पर

### मिंत्रा ने दी सफाई

मिंत्रा के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि कंपनी देश के सभी लागू कानूनों को बनाए रखने और अनुपालन और अखंडता के उच्चतम मानकों के साथ काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

# महिला एवं बाल विकास योजनाओं की होगी सचिव स्तर पर मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज | रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की उच्च स्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित योजनाओं की जिलेवार नियमित मॉनिटरिंग सचिव स्तर से की जाए। आगामी कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में इसकी गहन समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की



आधारभूत संरचना, बजट और संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा, विभाग बच्चों, किशोरियों और महिलाओं के पोषण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे शेष पेज 7 पर

### इन योजनाओं की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला कोष, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन वात्सल्य तथा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

### दिव्यांगजनों को बनाए कौशलयुक्त

मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि समय की मांग है कि शतप्रतिशत दिव्यांगजनों को कौशलयुक्त बनाया जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने शेष पेज 7 पर





R C PLASTO TANKS & PIPES PVT. LTD.
Address: Plot No- 33-A-1, M.I.D.C. Hingna, Nagpur - 440016 (M.S.)
डिलरशीप एवं प्रोजेक्ट मटेरीयल हेतू 91300 76943
info@plasto.in www.plasto.in

Dhamtari, Gariaband, Kanker, Kondagaon, Bastar, Narayanpur, Bijapur, Sukma, Dantewada, Jagdalpur, Balod: 91751 37484, 9370690999, Kabirdham, Bemetara, Balod Bazar, Mahasamund, Raipur, Durg, Rajnandgaon, Bhilai, Kawardha: 9130077152, 9370690999, Bilaspur, Korba, Mungeli, Janjgir-Champa, Gaurella- Pendra, Marwahi: 9130031430, 9370690999 Surguja, Ambikapur, Jashpur, Surajpur, Balrampur, Manendragarh, Koriya, Chirimiri, Pattalgaon: 9175671831, 9130031430, 9370690999 Raighar, Shakti, Sarangarh: 9130031430, 9370690999

AAA

# Agriculture & Industrial *Needs*






## जहां हरेली (हरियाली) वहां के राज्य में खुशहाली

छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच सबसे लोकप्रिय और सबसे पहला त्यौहार हरेली त्यौहार है। पर्यावरण को समर्पित यह त्यौहार छत्तीसगढ़ी लोगों का प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण दर्शाता है। सावन मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह त्यौहार पूर्णतः हरियाली का पर्व है इसीलिए हिंदी के हरियाली शब्द से हरेली शब्द की उत्पत्ति मानी जाती है।

भारत के विभिन्न भागों में हरेली त्योहार की अलग-अलग प्रथाएं होतीहैं। यह भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता है।आमतौर पर, लोग गांव में एकत्रित होते हैं और एक साथ पेड़ लगाते हैं।

हरेली त्योहार को मनाने की धारणा है कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह धारणा व्यक्ति को प्रेरित करती है कि उसे पेड़-पौधों की रक्षा करनी चाहिए और उनके प्रदूषण को कम करने के लिए संकल्प लेना चाहिए।

एक सामाजिक महत्वपूर्ण अवसर भी है, जहां लोग सामूहिक रूप से एकत्रित होते हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए संगठित होते हैं। इसके माध्यम से, सामाजिक संबंधों का मजबूत होने के साथ-साथ लोगों को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाता है। इससे सामुदायिक सहयोग बढ़ता है और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित होता है। मूलतः किसानों का पर्व हरेली – किसानों का यह त्यौहार उनकी औज़ार पूजा से शुरू होता है, किसान आज काम पर नहीं जाते घर पर ही खेत के औजार व उपकरण जैसे नांगर, गैंती, कुदाली, रापा इत्यादि की साफ-सफाई कर पूजा करते हैं साथ ही साथ बैलों व गायों की भी इस शुभ दिन पर पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ के गाँव मे तो इस पर्व की बड़ी धूम दिखती है।

Contact for ad 9340808313



















रायपुर
गुरुवार, 24 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 24, अंक : 8
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**
मौसम
अधि. 32.9
न्यून. 25.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 स्कूल में तोड़ लेती थीं अपनी आईलैशेस



विचार पेज
4 आने वाले 100 साल सहकारिता के






# अच्छी बारिश के लिए पूजा-अर्चना करने जुटे 84 गांव के ग्रामीण, हर तीन साल में निभाई जाती है यह परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले में दशकों से अच्छी बारिश के लिए अनोखी परम्परा का निर्वहन किया जाता है। भीमसेन देव का यह पर्व बस्तर अंचल की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत में रचा-बसा है। इस पर्व को इंद्र देव की पूजा के नाम से भी जाना जाता है। शक्तिपीठ दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी की नगरी में हर तीन साल में एक बार अच्छी बारिश, फसल और गांव की समृद्धि के लिए भीमसेन जात्रा की पौराणिक परम्परा पूरी श्रद्धा के साथ निभाई जाती है, इस बार भी जात्रा में 84 गांव के ▶▶ शेष पेज 7 पर



- अच्छी बारिश व पूर्वजों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करने जुटे 84 गांव के ग्रामीण
- अब तक नहीं हुई अच्छी वर्षा इसलिए चिंता, मां दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी ने संपन्न कराई पूजा
- दंतेवाड़ा में निभाई जाती है अनोखी परम्परा, हर वर्ष भीमसेन देव के शरण में पहुंचते है ग्रामीण

### अब तक नहीं हुई अच्छी बारिश इसलिए बढ़ी चिंता

दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी परमेश्वर नाथ जिया का कहना है कि अंचल में अब तक नहीं हुई अच्छी वर्षा, इसलिए बढ़ गई है चिंता। उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल में सावन माह की शुरूआत के बावजूद अब तक पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। इस वजह से किसानों में अकाल की आशंका है, इसे दूर करने के लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर



### उदेला पहाड़ पर भीमसेन पत्थर को हिलाने की भी परम्परा

जिया पुजारी ने बताया कि परंपरानुसार ग्रामीण दंतेवाड़ा जिले के उदेला पहाड़ पर स्थित भीमसेन देव के प्रतीक पत्थर को हिलाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से इंद्रदेव प्रसन्न होकर अच्छी वर्षा करते हैं, इसलिए सभी 84 गांवों से ग्रामीण अपने-अपने गांव का पानी हंडियों में भरकर यहां पहुंचते हैं और यह आदिवासी समाज की प्रकृति से जुड़ी गहरी आस्था ▶▶ शेष पेज 7 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से चार कांवड़ियों की मौत



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से कांवड़ यात्रा पर निकले चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सड़क किनारे चल रहे कांवड़ियों को टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार पलट गई। कार चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### निजी विद्यालयों को बम विस्फोट की धमकी मिली

**आगरा।** आगरा के दो निजी विद्यालयों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम विस्फोट की धमकी दी गई जिसके बाद बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से गहन तलाशी अभियान चलाया गया। श्री राम स्कूल और ग्लोबल स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। दोनों विद्यालयों की बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों ने गहन तलाशी ली लेकिन किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### महिला अफसर ने पति पर लगाया कैमरे लगाने का आरोप

**पुणे।** महाराष्ट्र की एक महिला अधिकारी ने अपने पति पर निजी पलों को रिकॉर्ड करने के लिए शयनकक्ष में खुफिया कैमरे लगाने और 1.5 लाख रुपये दहेज की मांग करके उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। 31 वर्षीय अधिकारी ने आरोप लगाया कि उसके पति ने स्नानगृह में भी कैमरे लगाए थे। महिला अधिकारी का पति भी सरकारी कर्मचारी है।

### इस्तीफा सौंपते ही निवास छोड़ने की तैयारी, नया आवास अभी तय नहीं

# धनखड़ जल्द छोड़ेंगे उपराष्ट्रपति निवास, शुरू की पैकिंग, चुनाव की तैयारी में जुटा आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप धनखड़ जल्द उपराष्ट्रपति निवास छोड़ेंगे। इस हफ्ते के आखिर तक वह सरकारी आवास खाली कर देंगे। सामान की पैकिंग शुरू हो गई है। अभी कहां शिफ्ट होंगे फिलहाल ये तय नहीं है। इधर, निर्वाचन आयोग ने जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के दो दिन बाद बुधवार को कहा कि उसने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।*

उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देकर सभी को आश्चर्यचकित करने वाले जगदीप धनखड़ ने अपना सामान पैक करना शुरू कर दिया है। जल्द ही वह उपराष्ट्रपति एन्क्लेव खाली करेंगे। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते वह सरकारी बंगले के हकदार हैं। सूत्रों ने बताया कि धनखड़ दंपति ने मंगलवार को अपना सामान पैक करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह अपने सरकारी आवास को खाली करेंगे। धनखड़ (74) पिछले साल अप्रैल में संसद भवन परिसर के निकट चर्च रोड पर नवनिर्मित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में स्थानांतरित हो गए थे। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव का निर्माण सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत किया गया था। वह लगभग 15 महीने तक उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रहे।

### चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्द

निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने संसद के दोनों सदनों के सांसदों के निर्वाचक मंडल का गठन शुरू कर दिया है। निर्वाचित और मनोनीत दोनों सदस्य उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं। आयोग ने कहा कि वह निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों के नामों को भी अंतिम रूप दे रहा है। इसने कहा, तैयारियां पूरी होने के बाद, जल्द से जल्द उपराष्ट्रपति चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।



### कहां होगा नया आवास

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, धनखड़ को अब वीपी एन्क्लेव का बंगाला छोड़ना होगा। हालांकि, उन्हें सरकारी बंगला दिया जाएगा। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि धनखड़ को लुटियंस दिल्ली या किसी अन्य इलाके में टाइप 8 बंगला दिया जाएगा।

### इधर, खड़गे ने कहाः दाल में कुछ काला है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार को इसका जवाब देना चाहिए कि उप राष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया और इसके पीछे क्या राज है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह दावा भी किया कि ऐसा लगता है कि दाल में कुछ काला है। खड़गे ने यहां संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार को ये जवाब देना चाहिए कि पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी ने क्यों इस्तीफा क्यों दिया? उसका कारण क्या है? इसके पीछे क्या राज है?

उपराष्ट्रपति चुनाव

### कुल 16 चुनावों में चार बार उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अब तक 16 चुनाव हुए हैं। केवल चार बार ही उम्मीदवार निर्विरोध जीत सके जबकि दो चुनावों में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिला। सर्वपल्ली राधाकृष्णन 1952 से 1962 तक दो बार उपराष्ट्रपति रहे और वह दोनों बार चुनावों में निर्विरोध विजयी रहे। 1952 के चुनाव में, आंध्र प्रदेश के जनाब शेख खादिर हुसैन ने नामांकन दाखिल किया था लेकिन उनका नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया, जिससे राधाकृष्णन एकमात्र उम्मीदवार रह गए। वर्ष 1979 में प्रसिद्ध न्यायविद और भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश मोहम्मद हिदायतुल्लाह निर्विरोध उपराष्ट्रपति चुने गए।

## ट्रेन के प्रस्थान से 'एक दिन पहले' ही वीआईपी कोटे का करना होगा आवेदन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे मंत्रालय ने चार्ट तैयार करने और तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव करने के बाद अब आपातकालीन कोटे के समय में भी बदलाव कर दिया गया है। रेल मंत्रालय कहना है कि यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान से कम से कम एक दिन पहले आपातकालीन कोटे के आवेदन करना होगा। रेल मंत्रालय की ओर से इमरजेंसी कोटा के नियमों में बदलाव से संबंधित एक परिपत्र को जारी किया गया है। इस परिपत्र में कहा गया है कि रात 12 बजे के बाद दिन के 1 बजे के बीच रवाना होने वाली सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए, जबकि दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे के बीच रवाना होने वाली शेष सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले 4 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए। ट्रेन के प्रस्थान के दिन प्राप्त होने वाले अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।



### ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट बनेगा

रेलवे की ओर से इमरजेंसी कोटा टिकट के नियमों में ये बदलाव हाल ही में लिए गए उस फैसले के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का फैसला किया गया है। नए नियम के अनुसार सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना वाली ट्रेन का पहला चार्ट एक दिन पहले रात को 9 बजे तक तैयार हो जाएगा। इसी तरह से दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह पांच बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

### बड़ी आतंकी साजिश की थी तैयारी

## अलकायदा के मॉड्यूल 'एक्वेस' का भंडाफोड़ दबोचे गए चार आतंकी

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने अल कायदा के मॉड्यूल एक्यूआईएस (अल कायदा इन इंडियन सब्कंटीनेंट) का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने एक्यूआईएस के कुल चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो की गिरफ्तारी गुजरात से हुई है। वहीं एक की दिल्ली तो एक की नोएडा से हुई है। फिलहाल एटीएस की टीम इनसे पूछताछ में जुटी है। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान सैफुल्लाह कुरैशी, मोहम्मद फर्दीन और मोहम्मद फैक के रूप में हुई है।



### एटीएस कर रही पूछताछ

गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि इन चारों आतंकियों से पूछताछ की जा रही है। इन आतंकियों तक हमारी टीम कैसे पहुंची, इसके बारे में बहुत जल्द एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी जाएगी। एक्यूआईएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि ये आतंकी अभी युवा हैं।

### कुर्सी पर बैठकर रोपा..मंत्री बोली- रोपा नहीं, खरपतवार उखाड़ रही थी





**रायपुर।** महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का एक फोटो वायरल हो रहा है, जिसमें वे खेत में कुर्सी पर बैठकर काम करती नजर आ रही हैं। फोटो के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि धान की रोपाई का काम कुर्सी में बैठकर किया जा रहा है। मामले की सच्चाई जानने हरिभूमि ने मंत्री राजवाड़े से बात की, उन्होंने बताया कि खेत में कुर्सी पर बैठकर धान की रोपाई नहीं कर रही हैं, बल्कि खेतों से गेडा निकालने का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 13 साल खेतों में काम कर रही हूं। गेडा जो खरपतवार की एक किस्म है, उसे कुर्सी या स्टूल पर बैठकर ही उखाड़ा जाता है।

### नस्लवादी बातें की और किया हमला

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की बेरहमी से पिटाई, दी गालियां

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में सड़क पर एक भारतीय युवक पर जानलेवा हमला किया गया और फिर उसे वहीं बेहोशी की हालत में मरने के लिए छोड़ दिया गया। युवक की पहचान चरणप्रीत सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ लोगों ने उनके खिलाफ नस्लीय टिप्पणियां कीं और मारपीट की। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, हमले से पहले चरणप्रीत सिंह से कहा गया, यहां से भाग जा, इंडियन और फिर उस पर लगातार घूंसे बरसाए गए।

### भारतीय समुदाय में आक्रोश

इस हमले से भारतीय समुदाय आक्रोश में है। ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों और प्रवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। सोशल मीडिया पर चरणप्रीत सिंह के लिए समर्थन मिल रहा है और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

## घरेलू हिंसाः केस दर्ज होने के दो महीने तक गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाते हुए कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों में पुलिस आरोपियों को दो महीने तक गिरफ्तार न करे। कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला अपने ससुराल वालों के खिलाफ 498ए के तहत घरेलू हिंसा या दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराए तो पुलिस वाले उसके पति या उसके रिश्तेदारों को दो महीने तक ▶▶ शेष पेज 7 पर



### महिला आईपीएस को ससुराल वालों से मांगनी होगी माफी

सुप्रीम कोर्ट ने महिला आईपीएस अधिकारी को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे। सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया।

### पूरे देश में लागू होगा दिशा-निर्देश

सीजेआई की पीठ ने मंगलवार को इन दिशानिर्देशों को पूरे भारत में लागू करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा, इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा 13 जून 2022 को क्रिमिनल रिवीजन नंबर 1126/2022 के विवादित फैसले में अनुच्छेद 32 से 38 के तहत 'आईपीसी की धारा 498ए के दुरुपयोग से बचाव के लिए परिवार कल्याण समितियों के गठन' के संबंध में तैयार दिशा निर्देश प्रभावी रहेंगे। और उपयुक्त अधिकारियों द्वारा लागू किए जाएंगे।

### कोल परिवहन के दौरान उड़ रही डस्ट का मामला

## कोल डस्ट पर भड़के सीजे, एसईसीएल से कहा यह तो वही बात हो गई कि हम शराब बेचते हैं, बाकी पीने वाला जाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एसईसीएल द्वारा बेचे गए कोयले के परिवहन के दौरान उड़ रही डस्ट और जनता को हो रही परेशानी के मामले में बुधवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एसईसीएल की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी की। नाराज चीफ जस्टिस ने यहां तक कह दिया कि एसईसीएल का रवैया इस प्रकार है कि हम कोयला बेचते हैं,बाकी परिवहन करने वाला जानें। यह तो वही बात हुई कि शराब बेचने वाला कहे हम तो शराब बेचते हैं, बाकी पीने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने पूरे



मामले में जरूरी बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी करने के अलावा नया शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। इस मामले में बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और ▶▶ शेष पेज 7 पर

### जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते

एसईसीएल का जवाब कुछ इस तरह का था कि हम कोयला खदान से कोल प्रोडक्शन करते हैं पर इसका ट्रांसपोर्टेशन हमारे द्वारा नहीं किया जाता, इसे खरीदने वाले ट्रांसपोर्ट करते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि परिवहन का काम ट्रांसपोर्टर को दे दिया है यह कहकर एसईसीएल अपनी जिम्मेदारियां से बच नहीं सकता। चीफ जस्टिस ने कहा कि एनटीपीसी, एसईसीएल बाकी जितनी भी ऐसी कंपनियां हैं वे देश के विकास के लिए जो काम कर सकती हैं, वह करें। इसका मतलब यह भी नहीं है कि आप दूसरों को इसके लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दिए गए कड़े निर्देश

एसईसीएल के अधिवक्ताओं ने अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि माइनिंग एरिया में इस बात का बराबर ध्यान रखा जा रहा है कि नियमों का पालन हो, तब चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या ध्यान दिया जा रहा है, माइनिंग एरिया में मर्डर हो गया, कल आप ही तो आए थे उसको अपोज करने के लिए। ट्रांसपोर्टरों की आपसी लड़ाई में कि कौन पहले कोयला निकालेगा,कौन ट्रक ले जाएगा। 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर हुआ हैं,सीधा मर्डर है ये, और आप कह रहे हैं कि हमारा काम सिर्फ कोयला निकालना है। ऐसा न करें। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम सिर्फ इसी काम के लिए नहीं है। आपके पास बड़े-बड़े सलाहकार हैं।

## भारत के पासपोर्ट ने लगाई छलांग रैंकिंग में मिला 77वां स्थान

# अब बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकेंगे भारतीय

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में 8 पायदान ऊपर पहुंचा हिंदुस्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पासपोर्ट को वैश्विक स्तर पर अब और मजबूती मिल गई है। भारत ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में अपनी अब तक की सबसे बड़ी छलांग लगाई है, ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट ने 8 पायदान की छलांग लगाकर 85वें स्थान से 77वें स्थान पर जगह बनाई है। यह पिछले छह महीनों में भारत का अब तक का सबसे बड़ा सुधार है। इस इंडेक्स में पासपोर्ट की ताकत इस आधार पर मापी जाती है कि वह कितने देशों में वीजा-मुक्त या वीजा-ऑन-अराइवल यात्रा की सुविधा देता है। भारत के पासपोर्ट धारक अब 59 देशों में बिना वीजा या वीजा-ऑन-अराइवल के साथ यात्रा कर सकते हैं, जो पहले 57 देशों तक सीमित था। यह उपलब्धि भारत की बढ़ती वैश्विक गतिशीलता और कूटनीतिक रिश्तों को दर्शाती है।

### दुनिया में सबसे ताकतवर पासपोर्ट

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में सिंगापुर टॉप पर है। सिंगापुर का पासपोर्ट 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद जापान, साउथ कोरिया आते हैं जिनके पासपोर्ट से 190 देशों में एंट्री मिलती है। तीसरे स्थान पर डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, आयरलैंड, स्पेन (189 देश). दूसरी ओर, अफगानिस्तान का पासपोर्ट 26 देशों के साथ सबसे कमजोर है। भारत पासपोर्ट इंडेक्स में 77वें स्थान पर पहुंच गया है और उसके पास 59 गंतव्यों तक वीजा मुक्त पहुंच उपलब्ध है। हालांकि भारत ने इस साल जनवरी में 85वें स्थान पर गिरावट देखी थी, लेकिन जुलाई 2025 की रिपोर्ट में यह सुधार भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भारत की 8 पायदान की छलांग न केवल पासपोर्ट की ताकत, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक साख को दर्शाती है। 59 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा भारतीयों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा को आसान बनाएगी।




2014 और 2015 में दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट माने जाने वाले अमेरिका और ब्रिटेन अब 2025 में एक-एक पायदान नीचे गिर गए हैं। अब यूके छठे नंबर पर है, जिससे इसके नागरिक 186 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं। वहीं अमेरिका दसवें नंबर पर पहुंच गया है, और इसके नागरिक 182 देशों में वीजा-फ्री यात्रा कर सकते हैं। इस गिरावट की एक वजह इन देशों की सख्त और इमिग्रेशन पॉलिसी को माना जा रहा है।

**रैंकिंग में गिरे यूएस और यूके**

### इन देशों ने किया हैरान

सऊदी अरब ने भी 2025 की पहली छमाही में सबसे बड़ी छलांग लगाई है। चार नए देशों में वीजा-फ्री एंट्री हासिल की है, जिससे अब कुल 91 देश ऐसे हो गए हैं जहां इसके नागरिक बिना वीजा जा सकते हैं। चीन ने भी 2015 से अब तक 34 पायदान की छलांग लगाई है और अब उसका स्थान 60वां हो गया है। हालांकि अभी भी उसे शेंगेन देशों (यूरोप के कई देश) में वीजा-फ्री एंट्री नहीं मिली है।

### भारतीयों के लिए वीजा फ्री देश

अंगोला, बारबाडोस, भूटान, बोलिविया, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स, बुरुंडी, कंबोडिया, केप वर्डे आइलैंड्स, कोमोरो आइलैंड्स, कुक आइलैंड्स, जिबूती, डोमिनिका, इथियोपिया, फिजी, ग्रेनेडा, गिनी-बिसाऊ, हैती, इंडोनेशिया, ईरान, जमैका, जॉर्डन, कजाकिस्तान, केन्या, किरीबाती, लाओस, मकाऊ (चीन), मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मार्शल आइलैंड्स, मॉरीशस, माइक्रोनेशिया, मंगोलिया, मॉन्टसेराट, मोज़ाम्बिक, म्यांमार, नामीबिया, नेपाल, न्यूई, पलाउ आइलैंड्स, कतर, रवांडा, समोआ, सेनेगल, सेशेल्स, सिएरा लियोन, सोमालिया, श्रीलंका, सेंट किट्स एंड नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनेडाइन्स, तंजानिया, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, त्रिनिदाद और टोबैगो, तुवालु, वानुआतु और ज़िम्बाब्वे।

## खबर संक्षेप

### पुरानी गाड़ी बैन,सरकार का फैसला नहीं : गडकरी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर बैन मामले पर संसद में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जवाब दिया है। नितिन गडकरी ने बताया कि यह फैसला सरकार का नहीं बल्कि एनजीटी का है। उन्होंने बताया कि एनजीटी, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार ने पुराने वाहनों पर रोक नहीं लगाई है, बल्कि एनजीटी ने ही एनसीआर में पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है।

### हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी : केजरीवाल



**भरूच।** गुजरात विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, आम आदमी पार्टी ने यहां अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भरूच में आदिवासी संकल्प महासम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा, हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी हैं। हम आपके साथ खड़े हैं।

### अर्धसैनिक बलों में एक लाख से ज्यादा पद खाली

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने संसद को जानकारी दी है कि 6 अर्धसैनिक बलों में स्वीकृत संख्या के मुकाबले 1,09,868 जवानों की कमी है। राज्यसभा में टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के एक प्रश्न के उत्तर में सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने अपने जवाब में कहा कि 2021 के बाद से यह सबसे बड़ी कमी है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कोई बहुत बड़ी वैकेंसी नहीं है। उन्होंने बताया कि 'वर्तमान में विभिन्न पदों की 72,689 वैकेंसी नोटिफाई की गई हैं, जिनकी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।' राज्यसभा में गृह राज्यमंत्री के उत्तर से पता चला कि अर्धसैनिक बलों में कर्मियों की कमी लगातार बनी हुई है।

## 2020 में गलवान घाटी में सैन्य झड़प के बाद से बंद थी सर्विस

# 5 साल बाद चीनियों के लिए खुले भारत के दरवाजे, मिलेगा टूरिस्ट वीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पांच साल बाद भारत ने चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। भारत 24 जुलाई यानी एक दिन बाद गुरुवार से चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करना शुरू कर देगा। चीन स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर यह अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही दूतावास ने वीजा आवेदन की प्रक्रिया भी साझा की है। बता दें कि इस साल की शुरुआत में दोनों ही देशों ने सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने, वीजा जारी करने की प्रक्रिया फिर से शुरू करने और भारतीय तीर्थयात्रियों को कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने की अनुमति देने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई थी। इन कदमों को भारत-चीन संबंधों में एक नई नरमी और गर्मजोशी का संकेत माना जा रहा है। बता दें, 2020 में गलवान घाटी में सैन्य झड़प के बाद से दोनों देशों के रिश्ते खराब हो गए थे, तब से वीजा देना बंद कर दिया गया था।

### 24 जुलाई से आवेदन शुरू, पिघल रही रिश्तों की बर्फ



फाइल फोटो

### ग्लोबल टाइम्स ने भी साझा की जानकारी

चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खबर साझा करते हुए कहा है कि भारत जाने के लिए चीनी नागरिक अब टूरिस्ट वीजा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि वीजा प्रक्रियाओं को पूरा करने मसलन, आवेदन करने, अपॉइंटमेंट लेने और अपना पासपोर्ट और अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए चीनी नागरिक बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू में भारतीय वीजा आवेदन केंद्रों में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं।

### विदेश सचिव के चीन दौरे के बाद प्रगति

यह घोषणा भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी की बीजिंग की दो दिवसीय यात्रा के बाद हुई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, यह यात्रा पिछले साल अक्टूबर में कज़ान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक के दौरान बनी सहमति के बाद हुई है। इस यात्रा के दौरान मिसरी और चीनी उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की और संबंधों को स्थिर और बेहतर बनाने के लिए कई जन-केंद्रित पहलों पर सहमति व्यक्त की थी।

### लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर तनाव में आई कमी

भारत और चीन के बीच पिछले साल अक्टूबर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य तनाव में कमी आई थी। दोनों देशों की सेनाएं कई इलाकों से पीछे हटीं, जिससे बातचीत का रास्ता फिर खुला। इसके बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे कुछ ऐसे कदम उठाए हैं, जिससे रिश्तों को दोबारा पटरी पर लाया जा सके। हाल ही में कैलाश मानसरोवर यात्रा भी पांच साल बाद फिर से शुरू हुई है, जो कि सकारात्मक संकेत है।

### संबंधों में नया मोड़ लेकिन बनी रहेगी सतर्कता

हालांकि पर्यटक वीजा फिर से जारी करना एक सकारात्मक कदम है, लेकिन भारत इस प्रक्रिया में पूरी सतर्कता बरत रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने वांग यी से मुलाकात के दौरान स्पष्ट किया था कि रिश्तों को आगे ले जाने के लिए दोनों देशों को दूरदर्शिता और पारस्परिक सम्मान की भावना रखनी होगी। यह कदम न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि दोनों देशों के बीच जनसंपर्क को भी मजबूती देगा।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश

# सामने आई गलती, ब्रिटिश परिजनों को सौंपे गलत शव

**विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद में क्रैश हुए एयर इंडिया विमान में मृतकों से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। ब्रिटेन में अहमदाबाद प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। एअर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। ब्रिटेन के न्यूज पेपर डेली मेल की एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी।

### विमान में सवार थे 53 ब्रिटिश नागरिक

12 जून को हुए एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान में 242 यात्री सवार थे, जिसमें 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, 7 पुर्तगाली नागरिक और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। एक को छोड़कर सभी की मौत हो गई थी। सभी मृतकों में 6 शवों की पहचान चेहरा, जबकि बाकियों की पहचान डीएनए के जरिए हुई थी। जांच में फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की टीमों सहित 40 अधिकारी लगे थे।

### ब्रिटेन के दौरे पर हैं प्रधानमंत्री मोदी, उठ सकता है मुद्दा

ब्रिटेन के प्रभावित परिवारों ने अपने सांसदों, विदेश कार्यालय, प्रधानमंत्री और विदेश सचिव के कार्यालयों से संपर्क कर एयर इंडिया और केन्यन्स इंटरनेशनल इमरजेंसी सर्विसेज से जवाबदेही की मांग की है। संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया ब्रिटेन यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सीधे तौर पर इन विफलताओं पर चर्चा कर सकते हैं। मामले को लेकर ब्रिटिश परिवारों में नाराजगी दिख रही है।

**भारत-पाक सीजफायर पर राहुल ने साधा प्रधानमंत्री पर निशाना**

# 'ट्रंप के दावे पर मोदी एक बार भी नहीं बोले, दाल में है कुछ काला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के दावे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार यह बयान दिया। पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है दाल में कुछ काला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल किया कि ट्रंप युद्ध विराम कराने वाले कौन होते हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर एक बार भी जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री कैसे बयान दे सकते हैं? वह क्या कहेंगे, ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन यह सच्चाई है। ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, पूरी दुनिया जानती है। यह वास्तविकता है।



### जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे भाग गए

संसद भवन परिसर में राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ संघर्ष विराम का मामला नहीं है। कई बड़ी समस्याएं हैं जिन पर हम चर्चा करना चाहते हैं। रक्षा, रक्षा उद्योग, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी समस्याएं हैं। स्थिति अच्छी नहीं है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे भाग गए हैं। प्रधानमंत्री एक बयान भी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि मैंने संघर्ष विराम करवाया।

### अभी भी करना चाहते हैं ट्रंप की गुलामी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप बार-बार बोल रहे हैं, पीएम नरेंद्र मोदी क्यों जवाब नहीं दे रहे हैं, हमें समझ नहीं आ रहा है। अभी भी आप डोनाल्ड ट्रंप की गुलामी करना चाहते हैं। देश बड़ा है, महत्वपूर्ण है इसीलिए हमने देश के हित में सरकार को सपोर्ट किया. अगर ट्रंप बार-बार हमारा अपमान करते हैं तो उनको उत्तर देना चाहिए, डट कर बोलना चाहिए, कहीं न कहीं कमजोरी है।

**सुप्रीम कोर्ट हुआ तैयार**

# जस्टिस वर्मा मामले के लिए बनेगी अलग बेंच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि जस्टिस यशवंत वर्मा मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट एक नई बैंच बनाएगा। दरअसल, यशवंत वर्मा पर कैश कांड में फंसे हैं। उनके घर पर भारी संख्या में नकदी मिली थी, तभी से ये मामला सुर्खियों में बना हुआ है। सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस यशवंत वर्मा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका का जिक्र किया। इस याचिका में जस्टिस वर्मा के मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की गई है।





### खुद को सुनवाई से किया अलग

जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा,' मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं।

### यह है मामला

14 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस वर्मा के घर पर आग लग गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके बाद उनके घर से भारी मात्रा में कैश मिला था। हालांकि, इस मामले पर जस्टिस वर्मा का कहना था कि वह निर्दोष हैं, उन्होंने कभी भी अपने घर पर ये कैश नहीं रखा था। उनको फसाने की साजिश की जा रही है। इस दौरान जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से हटाकर इलाहबाद हाईकोर्ट भेजने का प्रस्ताव भी दिया गया था।

### दूसरी तरफ महाभियोग कार्यवाही भी शुरू

दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने 21 जुलाई को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए।

## पीएम मोदी से बातचीत के दौरान शुभांशु का स्टेटमेंट एनसीईआरटी में शामिल

# 'अंतरिक्ष से बॉर्डर नहीं दिखते, हम सभी मानवता का हिस्सा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला को हाल ही में प्रकाशित एनसीईआरटी की कक्षा पांच की 'पर्यावरण अध्ययन' से जुड़ी नयी पाठ्यपुस्तक में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की इस पुस्तक में अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने के बारे में उनके प्रेरित करने वाले कथन को शामिल किया गया है। एनसीईआरटी ने इस बात को पर्यावरण अध्ययन से जुड़ी पांचवीं कक्षा की कि किताब के पृथ्वी, हमारा साझा घर में शामिल किया है। पीएम मोदी के साथ बातचीत के दौरान अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने के अपने पहले अनुभव को याद करते हुए शुक्ला ने कहा था, पृथ्वी को बाहर से देखने के बाद, मन में पहला विचार यह आया कि पृथ्वी पूरी तरह से एक दिखती है; बाहर से कोई सीमा दिखाई नहीं देती। ऐसा लगता है कि कोई सीमा नहीं है, कोई राज्य नहीं है, कोई देश नहीं है। हम सभी मानवता का हिस्सा हैं, और पृथ्वी हमारा एक घर है, और हम सभी इसमें हैं।

**कक्षा पांच की 'पर्यावरण अध्ययन' में बच्चों को मिलेगा पढ़ने**



**एक्सिओम-4 मिशन**

भारतीय वायुसेना के 39 पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की। एक्सिओम-4 मिशन के तहत यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) द्वारा समर्थन प्राप्त था।

### शैक्षणिक बदलाव का हिस्सा

*पांचवीं कक्षा की यह किताब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक बड़े शैक्षणिक बदलाव का हिस्सा है। यह विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन को एक ही साथ जोड़ती है जिसका उद्देश्य अवलोकन, अन्वेषण और नैतिक तर्क को बढ़ावा देना है। यह कहानियों, व्यावहारिक गतिविधियों और वास्तविक दुनिया के संबंधों के माध्यम से विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण के बारे में छात्रों को शिक्षित करती है। किताब में डीआईजीआईपीआईएन को भी शामिल किया गया है। यह एक डिजिटल एड्रेस सिस्टम है जो भारत की हर लोकेशन को एक 10 कैरेक्टर का कोड देता है। इससे पोस्टमैन, एम्बुलेंस, डिलिवरी एजेंट्स के लिए किसी भी घर या स्कूल को लोकेट करने में आसानी होती है।*

# कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों को मिलेगी एआई ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- **कौशल विकास मंत्रालय ने शुरू किया एसओएआर प्रोग्राम**

कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने 22 जुलाई को ए स ओ ए आ र (स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस) का शुभारंभ किया। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसे कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों में एआई जागरूकता और बुनियादी शिक्षा को शामिल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसओएआर में छात्रों के लिए तीन प्रगतिशील 15-घंटे के मॉड्यूल शामिल हैं, जिनका शीर्षक है एआई टू बी अवेयर, एआई टू एक्वायर और एआई टू एस्पाइर और शिक्षकों के लिए एक 45-घंटे का मॉड्यूल जिसका शीर्षक है एआई फार एजूकेटर्स। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मंत्री जयंत चौधरी ने कहा, "भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सक्रिय रूप से जुड़े युवा शिक्षार्थियों का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क बनाने की आकांक्षा रखता है।

### यह एक महत्वपूर्ण कदम

चौधरी ने आगे कहा कि यह तकनीक-संचालित, भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के तहत सरकार के दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर भी ज़ोर दिया और दोहराया कि भारत की कौशल यात्रा राष्ट्रीय विकास का केंद्र है।

# स्कूल में तोड़ लेती थीं अपनी आईलैशेस

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा को लेकर इन दिनों थिएटरों से लेकर सोशल मीडिया तक पर कहर मचा हुआ है। इश्कबाजों को ट्रीट देती ये फिल्म कइयों को इमोशनल कर रही है और हर तरफी इसकी जमकर तारीफें हो रही हैं। फिल्म में जहां अहान पांडे की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं, उनकी हीरोइन अनीत पड्डा की सादगी के लोग कायल हुए जा रहे हैं। इन दिनों फिल्मी दुनिया में इन दोनों की फिल्म सैयारा एक फीवर की तरह साबित हो रही है। अब इस फिल्म की स्टार कास्ट अनीत के बच्चन का एक किस्सा हर किसी को हैरान कर रहा है। अनीत का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो स्कूल में ऐसा क्या करती थीं कि मां परेशान हो गई थीं। इस इंटरव्यू में पूछा गया था कि स्कूल या कॉलेज के दिनों में क्या सबसे क्रेजी चीजें की थीं? अनीत ने बताया, 'मैं 9 साल की थी और मुझे देखकर मां परेशान हो गई थीं और कहती थीं- बेटा मैं तुम्हारा क्या करूं?' उन्होंने कहा- मैं अपनी पलकें तोड़कर हाथों पर रखती थी और विश मांगती थी ताकि मेरे सपने सच हो सकें।'



## कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर एक्शन और खून-खराबा वाली फिल्मों का रहा है चलन

# सैयारा ने लौटाया लव स्टोरीज का दौर? लाइन में खड़ी हैं 7 रोमांटिक फिल्में

*नई दिल्ली। सैयारा की सुपर सक्सेस ने जहां हर किसी को चौंका दिया है, वहीं एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह फिल्म बड़े पर्दे पर फिर से प्यार का मौसम लेकर आई है। दिलचस्प है कि आगे एक के बाद एक 7 नई और बड़ी रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सैयारा की सफलता ने सबको चौंका दिया है। 45 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 5 दिनों में ही 132.25 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह सफलता इसलिए भी दंग करती है कि यह नए कलाकारों की फिल्म है। इस रोमांटिक फिल्म की सुपर सफलता को फिल्मी दुनिया के जानकार पर्दे पर फिर से रोमांस की वापसी का इशारा बता रहे हैं। बीते कुछ समय से जहां बड़े पर्दे और बॉक्स ऑफिस पर एक्शन और खून-खराबा वाली फिल्मों का चलन रहा है। वहीं, दिलचस्प है कि आने वाले दिनों में सैयारा के बाद अब धड़क 2, परमसुंदरी और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी समेत कई लव स्टोरीज वाली फिल्में रिलीज को तैयार हैं।*

### सनम तेरी कसम, ये जवानी है दीवानी की री-रिलीज

सैयारा की तरह ही हमने बीते दिनों साल 2016 में आई सनम तेरी कसम की री-रिलीज का असर देखा। पिछले दिनों री-रिलीज पर इस फिल्म ने 41 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर इसी तरह सबको चौंकाया था। इतना ही नहीं, इससे पहले री-रिलीज हुई ये जवानी है दीवानी ने भी 21 करोड़ का नेट बिजनेस किया। यह वह वक्त था, जब बॉक्स ऑफिस पर इमरजेंसी, देवा, आजाद और फतेह जैसी फिल्में डिजास्टर साबित हुईं। जबकि स्काई फोर्स ने जैसे-तैसे 113.62 करोड़ का कारोबार किया, पर 160 करोड़ के बजट के कारण फ्लॉप रही। साफ है, लव स्टोरीज का आकर्षण आज भी ऑडियंस को थिएटर तक खींच सकता है।




### एक दीवाने की दीवानियत, लव एंड वॉर, सुस्वागतम खुशामदीद

प्रेम कहानियों का यह रैला यही नहीं रुकता। एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा मोहब्बत की हदें पार करते दिखेंगे। जबकि संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की तिकड़ी से बड़ी उम्मीदें हैं। इसी तरह पुलकित सम्राट और इजाबेल कैफ (कटरीना कैफ की बहन) की सुस्वागतम खुशामदीद भी प्यार का खूबसूरत पैगाम देती नजर आएगी। इन सभी फिल्मों के लाइनअप को देखकर लगता है कि बॉलीवुड में एक बार फिर मोहब्बत से सजी लव स्टोरीज का मेला सजने को तैयार है।

### सिनेमाघरों में अब लगेगा लव स्टोरीज का मेला

सैयारा के बाद अब जल्द रिलीज होने वाली फिल्मों में धड़क 2, एक जुनूनी प्रेम कहानी का वादा करती है। इसके बाद परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर दो अलग संस्कृतियों के प्रेमी बनेंगे, जबकि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वरुण धवन और जान्हवी की जोड़ी विपरीत स्वभाव वाले लवर्स की कहानी कहेगी। इसी तरह कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अनाम फिल्म को आशिकी का अगला अध्याय माना जा रहा है।

### एक्शन के शोर में सिनेमा से गायब हो चुका था रोमांस

हिंदी सिनेमा के सौ साल में प्रेम कहानियां हमेशा उसकी रीढ़ रही हैं। फिल्म की हैपी एंडिंग हीरो-हीरोइन के मिलने के बाद ही मानी जाती है। चाहे मुगल-ए-आज़म हो या दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, रॉकस्टार हो या हालिया सैयारा, हर दौर में दर्शकों ने लव स्टोरीज के साथ रूमानियत के सपने देखे हैं। मगर बीते कुछ वर्षों में एक्शन, रियलिस्टिक और हॉरर सिनेमा आगे रहा। जाने-माने ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श मानते हैं कि लव स्टोरीज की वापसी जरूरी थी। उनके मुताबिक, 'लव स्टोरीज के दौर का आना बेहद जरूरी है। हां, फिल्मों में प्यार का कोई न कोई एंगल होता है, मगर मैं उस हार्डकोर प्रेम कहानी की बात कर रहा हूं। बीच के कुछ साल में रोमांस मानो हिंदी सिनेमा से गायब ही हो गया था।

### नए चेहरों के लिए खुलेंगे दरवाजे

सिनेमा में नए चेहरों की लॉन्चिंग के लिए लव स्टोरीज हमेशा सबसे मुफीद मानी गई हैं। जूली, बेताब, कयामत से कयामत तक, कहो न प्यार है, मोहब्बतें, स्टूडेंट ऑफ द ईयर और बैंड बाजा बारात जैसी फिल्मों में नई जोड़ियों ने धमाकेदार एंट्री की। ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा मानते हैं, 'भले ही ये कहना मुश्किल है कि लव स्टोरीज का पूरा दौर लौटेगा।

# सुशांत की तरह मुझे भी मारने की जा रही है कोशिश

**मुंबई।** तनुश्री दत्ता का सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर सभी परेशान हो गए। एक्ट्रेस का कहना है कि उनके घर पर उनका शोषण होता है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि वह काफी परेशान हैं और बीमार भी हो गई हैं। उन्होंने मदद मांगी है सबसे, लेकिन अब एक इंटरव्यू में तनुश्री ने कहा कि उनके पीछे बॉलीवुड की स्ट्रॉन्ग फोर्स है जो उनके खिलाफ काम कर रही है और उन्हें भी सुशांत की तरह मारने की कोशिश की है। तनुश्री ने कहा, 'मैं काफी खतरे में हूं। सुशांत सिंह राजपूत की तरह, मुझे मारने की कोशिश की जा रही है। मेरी लाइफ भी अब खतरें में है। बता दें कि सुशांत का जब निधन हुआ था तब ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि बॉलीवुड से उन्हें सपोर्ट नहीं मिला था।' तनुश्री ने अपना नया वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वह कह रही हैं कि मैं सरकार से रिक्वेस्ट करती हूं कि मुझे सिक्योरिटी दी जाए। उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ इंडस्ट्री के पावरफुल लोग हैं। वैसे फैंस कन्फ्यूज भी हो रहे हैं, क्योंकि एक तरफ वह मदद मांग रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कैमरे की तरफ देखकर फिर पोज दे रही हैं। खैर बीते जिन एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना रोते हुए वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बोलती हैं कि पिछले 4-5 साल से उनका उनके ही घर में शोषण हो रहा है।



# सड़कों पर बेचता था पानी की बोतल

**मुंबई।** लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती... यह कहावत इस लड़के पर एकदम फिट बैठती है, जिसे 13 साल पहले तक कोई नहीं जानता था, और स्ट्रगल भरी एक आम जिंदगी जी रहा था। और आज यह साउथ फिल्म इंडस्ट्री के टॉप स्टार्स में शुमार है। इसने 16 करोड़ में एक ऐसी फिल्म बनाई, जिसने दुनियाभर में बजट से 25 गुना अधिक कमाई की, और रिकॉर्ड बना दिया था। कोई सोच भी नहीं सकता कि जो लड़का कभी गुजारे के लिए पानी की बोतलें बेचता था, वह आज देश के टॉप एक्टर्स में शुमार हो जाएगा। यहां बात हो रही है कांतारा के एक्टर, राइटर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी की। उन्होंने फिल्मों की दुनिया में स्पॉटबॉय के तौर पर एंट्री की थी, पर स्टारडम पाने में उन्हें 22 साल से भी ज्यादा लग गए। आज वह शोहरत की बुलंदियों पर हैं और जल्द ही कांतारा: चैप्टर 1 और जय हनुमान जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। ऋषभ शेट्टी एक मिडल क्लास परिवार से हैं। उनका असली नाम प्रशांत शेट्टी है, पर एक ज्योतिषी के कहने पर उन्होंने नाम ऋषभ शेट्टी रख लिया था। वह नहीं चाहते थे कि खर्चे के लिए माता-पिता को परेशान करें। इसलिए, वह खुद के गुजारे के लिए सड़कों पर पानी की बोतलें बेचने लगे।



***हैरी पॉटर बनने से मां बाप को था ऐतराज** : लॉस एंजिल्स। हैरी पॉटर के नाम से घर-घर में पहचाने जाने वाले अभिनेता डेनियल रेडक्लिफ बुधवार को अपना 36वां जन्मदिन मनाया। 23 जुलाई 1989 को लंदन के हैमरस्मिथ जिले में उनका जन्म हुआ। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मा ये लड़का आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करता है। उनकी मां मार्सिया ग्रेशम पेशे से एक कास्टिंग एजेंट थीं और पिता एलन जॉर्ज रैडक्लिफ लिटरेचर की दुनिया में एक्टिव थे। बहुत कम लोग जानते हैं कि शुरुआत में उनके माता-पिता नहीं चाहते थे कि वो 'हैरी पॉटर' में कास्ट हों। इसके पीछे का कारण था फिल्म की शूटिंग की लोकेशन।*


## कार्यालय, नगर पंचायत राजिम, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

दूरभाष 07701-235036 फैक्स नं. 07701-235036 E-mail- cmorajimnagar1@gmail.com

क्रमांक 484/न.प./ लो.नि.वि./ 2025-26 **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** राजिम, दिनांक 23/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Date of issue of Tender - 24.07.2025
2. Last Date for Online Submission for Technical & Finacial Bid - 11.08.2025
3. Last Date for Submission of physical bid - 14.08.2025
4. Bid Open Date - 18.08.2025

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं 100 रू. स्टाम्प पेपर युक्त फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 172631 | प्लेसमेंट एजेन्सी (ठेका पद्वति) के माध्यम से उच्च कुशल / कुशल / अर्धकुशल / अकुशल हेतु श्रमिक प्रदाय कार्य | 52.91 लाख | 39700.00 | 3000.00 डी.डी. | 09 माह | 14.08.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है । एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत राजिम



## आधिपत्य सूचना

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री पांडे प्रभात,** द्वारा– सुनील बघेल, मकान नं. 1, बालाजी हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर–492001. **श्रीमती पांडे प्रतिमा,** द्वारा– सुनील बघेल, मकान नं. 1, बालाजी हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर–492001. **श्री पांडे प्रभात,** एस.बी.मल्टीमीडिया प्रायवेट, आईबीसी 24, प्रथम तल, आरसन मोटर्स, लोधीपारा चौक, रायपुर–492001. | ₹ 22,52,084/- दिनांक 31 मई 23 * तक | 27-जून-23 | 21-जुलाई-2025 (भौतिक कब्जा) | प्लॉट नं. M-45, VIP's City, सेक्टर II (विस्तार), स.क्र., खसरा नं. 73 (भाग), 50/2-3, 39/1, 41/3, 54/7-8-9-11-12-13-14, 43/1, 47/3, 45, 48/2-3 एवं 49, प.ह.नं. 109, ग्राम– सड्डू – रायपुर, छ.ग. |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।

हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।

विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा। उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

स्थान–रायपुर, दिनांक : 24.07.2025

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013


### सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज को पेश करेंगे अनुराग

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज के साथ बतौर प्रस्तुतकर्ता जुड़ गए हैं। अनुराग 82वें वेनिस अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को अपना समर्थन दे रहे हैं। निर्देशक अनुपर्णा रॉय इस फिल्म से अपनी शुरुआत कर ही हैं। उनकी पहली ही निर्देशित फिल्म 82वें वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर करने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म है। यह महोत्सव इस साल 27 अगस्त से 6 सितंबर तक इटली के वेनिस लीडो में आयोजित होगा। मुंबई में दो प्रवासी महिलाओं के बीच बनते रिश्तों पर आधारित सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज को ओरिजोंटी सेक्शन में प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जिसमें नए ट्रेंड और मुद्दों को उजागर करने वाली फिल्मों के लिए डेब्युडेंट्स, नई प्रतिभाओं और स्वतंत्र फीचर फिल्मों व कम चर्चित सिनेमा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।




### बेटियों के लिए बनाएं बेहतर दुनिया...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने मसान, गैंग्स ऑफ वासेपुर और फुकरे जैसी आइकॉनिक फिल्में की हैं। ऋचा हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह छोटी थीं तो उन्हें अपने ही घर में लिंग के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ा था। ऋचा चड्ढा ने बताया कि कैसे उनकी नानी ने बचपन में उनसे ऐसी बातें कहीं जो तब उन्हें समझ में नहीं आई थीं। ऋचा चड्ढा ने बताया कि कैसे हम लड़कियों के लिए इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं और बुनियादी बदलाव करके समाज में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। ऋचा चड्ढा ने एक बातचीत में बताया, मैं एक बच्ची थी जो अपने बेड पर कूद रही थी, मेरी नानी जो हमारे घर आई हुई थीं, उन्होंने कहा- अगर तुम इस तरह कूदती रहोगी तो कोई तुमसे शादी नहीं करेगा। तुम अपने ससुराल में यह सब नहीं कर सकतीं।









## चिंतन

# संसद लोकतंत्र का मंदिर बेवजह हंगामा ठीक नहीं

संसद लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर है। हर देशवासी के मन में संसद के प्रति अथाह सम्मान है। उन्हें उम्मीद रहती है कि हमारे प्रतिनिधि संसद में ऐसे कानून बनाएंगे जिससे हर देशवासी का जीवन स्तर ऊंचा होगा, लेकिन हो रहा है उसके बिलकुल उलट। संसद का कोई भी सत्र हो, उसकी शुरुआत हंगामे से होना परंपरा बन चुकी है। यह खराब परंपरा है, लेकिन इसके बाद भी जारी है कि इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होता। विपक्ष को भी नहीं, जो हंगामा करता है और सत्ता पक्ष को भी नहीं जिसका कार्य सरकार चलाना है। केवल धन की बर्बादी होती है। इसके बावजूद विपक्ष हमेशा हंगामे को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत करता है। संसद में किसी भी बहाने हंगामा करना राजनीतिक स्वभाव बनता जा रहा है। जब जो दल विपक्ष में होता है, वह हंगामा करना पसंद करता है और वह भी तब, जब वह सत्ता में रहते समय हंगामे से त्रस्त हो चुका होता है। विपक्ष यदा-कदा अपने हिसाब से ज्वलंत मुद्दों को उठाता है, लेकिन उन पर सार्थक बहस करने और सरकार से जवाब मांगने के बजाय उसकी दिलचस्पी इसमें अधिक होती है कि संसद चलने न पाए। आमतौर पर विपक्ष संसद में सरकार को घेरने के लिए मुद्दों का चयन खुद नहीं करता। वह उन मुद्दों को लेकर आगे आ जाता है, जो संसद सत्र के पहले से ही चर्चा में आ गए होते हैं। अनेक बार देखा गया है कि मुद्दे से ज्यादा हंगामे को महत्व दिया जाता है। ऐसा ही कुछ संसद के मानसून सत्र के दौरान देखने को मिल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट के लिए किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और अन्य मुद्दों को लेकर सदन में हंगामा किया। जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद दो बार स्थगन के साथ दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। इस दौरान भी संसद में हंगामा ही होता रहा। सांसदों ने विधेयक के बारे में जानने की बजाय शोरगुल करने पर ध्यान केंद्रीत किए रखा। लोकसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें, लेकिन अध्यक्ष के इस कथन का विपक्षी सांसदों पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं। अब खबर आ रही है कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है। इसके लिए लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। सरकार चर्चा को तैयार है तो विपक्ष को भी चाहिए कि हंगामे की बजाय सार्थक बहस की तरफ मुड़े, जिससे न समय की बर्बादी हो और न ही आम जनता के खून पसीने से कमाए धन की। जनता हंगामा नहीं, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहती है। संसद में हंगामे पर विपक्ष को तो विचार करना ही चाहिए, सत्तापक्ष को भी यह देखना चाहिए कि संसद सही ढंग से कैसे चले। इसके लिए उसे विपक्ष को भरोसे में लेने के साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श के लिए माहौल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कटुता दूर होनी चाहिए। यह तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को आदर देंगे, सम्मान करेंगे।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# एफडीआई व ओएफडीआई से विकास को मिलेगा बल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में 81.04 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14% अधिक है। ये आंकड़े भारत की मजबूत आर्थिक नीतियों, वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे और सुधारों को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत को सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिंगापुर से प्राप्त हुआ है। वहीं,देश के राज्यों में सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ है। कुल एफडीआई में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 39% दर्ज हुई। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसे 13% हिस्सेदारी हासिल हुई और दिल्ली की हिस्सेदारी 12% रही। हालांकि, मौजूदा एफडीआई को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि विकास के लिए बहुत ही ज्यादा निवेश की आवश्यकता होती है। देश में एफडीआई कम आने का एक बड़ा कारण भारत द्वारा चीन के निवेश पर आंशिक रोक लगाना है। हाल ही में, देश में निवेश को बढ़ाने के लिए नीति आयोग ने उन नियमों में ढील देने का प्रस्ताव किया है, जिनके तहत चीनी कंपनियों को यहां निवेश के लिए अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होती है। वर्तमान में किसी भी निवेश के लिए चीनी कंपनियों को गृह और विदेश मंत्रालयों से सुरक्षा मंजूरी लेनी पड़ती है। नीति आयोग ने हाल ही में प्रस्ताव दिया है कि चीनी कंपनियां किसी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बिना अनुमोदन ले सकती हैं। आयोग का यह प्रस्ताव देश में एफडीआई को बढ़ावा देने वाली योजना का हिस्सा है। वैसे,नीति आयोग के प्रस्तावों को मानना सरकार के लिए जरूरी नहीं है, लेकिन यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और चीन 2020 में सीमा पर हुई झड़पों के बाद से तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में हुई वार्ता के बाद सैन्य तनाव में कमी आई और उसके बाद से दोनों देश आपसी संबंध सुधारने के प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दूसरे देशों की कंपनियां विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे कई क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से निवेश कर सकती हैं, जबकि रक्षा, बैंकिंग और मीडिया आदि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में बाहरी निवेश पर आंशिक रोक है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद वैश्विक स्तर पर विदेशी निवेश में कमी आई है, लेकिन भारत में एफडीआई में भारी गिरावट का कारण चीनी निवेश में अड़चन को माना जा रहा है। चीन द्वारा भारत में कम निवेश करने के अलावा भारत में निवल एफडीआई में तीव्र गिरावट का एक और महत्वपूर्ण कारण भारतीय कंपनियों द्वारा बाह्य एफडीआई (ओएफडीआई) में वृद्धि भी शामिल है। हालांकि, इससे देश को कई लाभ भी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में भारत की विदेश में एफडीआई बढ़कर 5.03 अरब डॉलर हो गई, जो पिछले साल के समान महीने के 2.9 अरब डॉलर से ज्यादा है। मई महीने में यह 2.7 अरब डॉलर थी। विदेश में एफडीआई अमूमन तीन तरह यानी इक्विटी, ऋण और गारंटी के रूप में की जाती है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की इक्विटी विदेशों में 3 गुना से ज्यादा बढ़कर जून 2025 में 2.04 अरब डॉलर हो गया, जो जून 2024 में 67.07 करोड़ डॉलर था। यह मई 2025 के 98.71 करोड़ डॉलर से दोगुना भी है। वहीं, ऋण प्रतिबद्धताएं मामूली रूप से बढ़कर जून 2025 में 58.555 करोड़ डॉलर हो गई, जो जून 2024 के 45.43 करोड़ डॉलर से अधिक है और मई 2025 की 1.02 अरब डॉलर प्रतिबद्धता की तुलना में कम है। पुनः,रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश की इकाइयों के लिए गारंटी बढ़कर जून 2025 में 2.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1.8 अरब डॉलर और मई 2025 में 69.22 करोड़ डॉलर था। बता दें कि किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंधन में कुछ हिस्सा हासिल हो जाता है, जिसमें उसका पैसा लगता है। दूसरे देशों में निवेश करके भारत दुनिया भर के देशों में आर्थिक, राजनीतिक, रक्षा, तकनीकी और सांस्कृतिक जैसे कई प्रमुख पहलुओं में फैले अनेक लाभों और रणनीतिक हितों का लाभ उठाता है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि देश के लिए जितना जरूरी एफडीआई है, उतना ही ओएफडीआई भी है। अगर, दोनों में संतुलित तरीके से वृद्धि होती है तो हमारा देश अर्थव्यवस्था और विकास के सभी पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन ला सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## लक्ष्य

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आने वाले 100 साल सहकारिता के

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया।

भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि अतीत आपने देखा, अब भविष्य की ओर देखो। पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियां आपको ताजगी से भर देंगी। इनमें सहकारिता की ओज है। सहकारिता की ओज से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में उजाला पसरने जा रहा है। अमित शाह का उत्साहवर्धन निश्चय ही सहकारिता से जुड़े समाज को ऊर्जा से भर देगा और जो सोये हैं अभी तक उन्हें जगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया कि देश के धान और गेहूं की खरीद में लगभग 20 प्रतिशत योगदान सहकारिता का है, जबकि 35 प्रतिशत उर्वरक और 30 प्रतिशत चीनी का उत्पादन सहकारिता के माध्यम से होता है। 20 प्रतिशत से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें-फेयर प्राइस शॉप भी सहकारिता के माध्यम से चलती हैं। 8 लाख 50 हजार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। यह जो करोड़ों भारतीयों का सहकारिता से जुड़ाव है, यह बहुत मायने रखता है। चार वर्ष में ही भारत की इतनी बड़ी आबादी सहकारिता में अपनी उपस्थिति बना चुकी है। यह आगामी 100 साल बाद का जो उन्हें चित्र दिख रहा है, वह यूं ही नहीं है। यह उन्हें आभास इसलिए हो रहा है क्योंकि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति, जीवन समृद्धि व उत्साहजनक भविष्य की कड़ी बनती जा रही है। उन्होंने खुद देखा कि विज्ञान व तकनीकी के साथ जैसे सहकारिता का जुड़ाव हो रहा है, युवा आबादी इसमें अपने भविष्य को संवारने का स्वप्न पाल रही है। वह अपने बुजुर्गों की विरासत में सम्मिलित सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहती है।

प्राइमरी डेयरी कोआपरेटिव सोसाइटी-पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम अभियान के तहत सफलता की कहानियां जब सामने आयीं तो लोगों ने महसूस किया है कि सहकारिता भी सफलता की वजह बनती जा रही है। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सफलता की कहानियों ने यह बताया कि हमारी सहकारिता केवल कृषि व उद्यम तक सीमित नहीं है अपितु यह तो प्रकृति-जीवन-संस्कृति से जुड़ी हुई है। सहकारिता मंत्री ने रेखांकित किया है कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष के भीतर हमने 61 पहलों के जरिये सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। दो लाख नए पीएसीएस बनाने का काम शुरू हो गया है, इनमें से 40 हजार पैक्स बना लिए गए हैं। सभी पीएसीएस -पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का काम पूरा कर लिया गया है और सभी राज्यों ने पैक्स के मॉडल




बायलॉज़ स्वीकार कर लिए हैं। गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, एक्सपोर्ट और बीज संवर्धन के लिए नई सहकारी संस्थाएं बनाई गई हैं। यदि यह कार्य व ऐसा कार्य जो सहकारिता मंत्रालय गठन के बाद विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है, ऐसा कार्य पिछले 75 वर्षों में किया गया होता तो, आज देश में सहकारिता की वजह से हमारे देश के किसान, मजदूर, श्रमिक व विभिन्न हितधारक भारत का भविष्य बदलने में सक्षम हो चुके होते, किसी अन्य सहयोग की अपेक्षा ही नहीं होती। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, नए अनुबंध-एमओयू, मानव संसाधन का निर्माण, नए रिसोर्सेज का चिन्हीकरण व उनको डिजिटल फॉर्म में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी सहकारिता क्षेत्र में हो रही है। क्लाइमेट चेंज व सोशल जस्टिस जैसे विषयों को भी सहकारिता के समावेशी वैशिष्टय के साथ समाधान होगा। आत्मनिर्भरता व नवाचार से आर्थिक विकास की धारा जेंडर जस्टिस का कारण बनेंगी। भारत में सहकारी समितियों की जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है, उनके प्रति उदासीनता को समाप्त करके इसे अभिरुचिजन्य बनाने की यदि कोशिश नया स्वरूप पाएगी तो 2047 तक विकसित राष्ट्र के पैमाने पर भारत 100 प्रतिशत खरा उतरेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि सहकारिता मंत्री का युवा मन युवा सहकारिता सेवियों को जब तैयार कर लेगा, तो कोई लक्ष्य हमसे दूर नहीं होगा। अपने युवा मानव संसाधन का बस तेजी से झुकाव सुनिश्चित करने में यदि भारत सरकार अभिरुचि दिखाएगी तो सब कुछ संभव सा होता दिखता है। सहकारिता मंत्री की ओर से की जा रही पहल के साथ जब वैश्विक स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने वाली एजेंसीज सहकारिता से जुड़े लोगों व प्रतिष्ठानों के बीमा में अभिवृद्धि करेंगी और सुरक्षा की भावना से वे अभिरुचि दिखाकर आगे आने का प्रयत्न करेंगी तो निश्चय ही सहकारिता के 100 वर्ष और 500 वर्ष भी स्वर्णिम काल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसमें इन्वेस्टमेंट एजेंसीज की इच्छाशक्ति का अहम योगदान है।

वे ऐसा करेंगी तो आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियों के बीच भी सहकारिता के कार्य आगे बढ़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियां ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहाँ सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएँ न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएं हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है। जब देश में सहकारी संस्थाओं की संख्या 8 करोड़ हो जाएगी, जब देश में सहकारी संस्थाओं का पूर्णतया डिजिटलीकरण हो जाएगा, जब देश में त्रिभुवन यूनीवर्सिटी जैसी सहकारिता यूनिवर्सिटी की संख्या बढ़कर कम से कम 10 हो जाएगी, जब देश में सहकारिता अनुसंधान में सतत विकास हमें दिखेगा तो संपूर्ण विश्व में भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने वैभवकाल की ओर गति पा लेगा, हमारे देश को एक ऐसे समय की प्रतीक्षा है। सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी ऐसा समय प्राप्त कर लेने का विश्वास है। आवश्यकता इस बात की है कि उस विश्वास को पूरा भारत मजबूती से अपना सहयोग प्रदान करे, क्योंकि इसमें किसी के निहित स्वार्थ नहीं हैं, अपितु इसमें पूरे भारत का भविष्य है। आज 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति सरकार ला रही है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

## दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

## प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की संप्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है।

*- मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### तिलक को जयंती पर नमन



लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनके शब्द "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" ने एक आंदोलन को प्रज्वलित किया व आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। भारत के इस महान सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### क्रांति गौड़ को बधाई



मध्यप्रदेश की बिटिया क्रांति गौड़ से आज हमारा भारत हुआ गौरवान्वित...। इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में 6 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाने वाली छतरपुर जिले की खिलाड़ी क्रांति ने न केवल मैच, बल्कि करोड़ों दिल भी जीत लिए हैं। इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**


### बंद्योपाध्याय को श्रद्धांजलि



साहित्यकार ताराशंकर बंद्योपाध्याय की जयंती पर बांग्ला भाषा और साहित्य में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देती हूं। 'गणदेवता', 'पंचग्राम', 'धात्रीदेवता', 'हंसुली बांकेर उपकथा' और 'कबी' जैसे उनके उपन्यास अमर रचनाएं हैं।

**-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

### भारत क्षमतावान



चीन ने पिछले साल तेल और गैस पर 38 अरब डॉलर खर्च किए। वह ज़मीन के 8 किमी नीचे तक खुदाई कर रहा है ताकि ज़्यादा तेल निकाला जा सके। भारत भी ये कर सकता है। संसाधन भी हैं, क्षमता भी।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ है



भारत ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक बैठक में अपने पड़ोसी को 'कट्टरता' में डूबा 'लगातार कर्ज लेने वाला' देश करार देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को 'गंभीर कीमत' चुकाने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा कर रहे हैं, ऐसे में यह समझना जरूरी है कि कुछ बुनियादी सिद्धांतों का सार्वभौमिक रूप से सम्मान किया जाना चाहिए जिनमें से एक है- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना।' हरीश ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना' विषय पर आयोजित उच्च-स्तरीय खुली चर्चा में अपने राष्ट्र की ओर से बयान दिया। पाकिस्तान 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद का जुलाई के लिए अध्यक्ष है। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार ने इस खुली चर्चा की अध्यक्षता की, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी संबोधित किया।

## ऑफ बीट

# क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना सुरक्षित और संभव



जैसे-जैसे मंगल मिशन संबंधी योजनाओं में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे यह सवाल भी उठ रहा है कि मानव शरीर वहां के अनुसार कैसे स्वयं को ढालेगा? क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना और इसका सुरक्षित रहना संभव है? उदाहरण के लिए लगभग दो-तिहाई मानव भ्रूण जीवित नहीं रह पाते और अधिकतर भ्रूण शुरुआती कुछ सप्ताह में अक्सर महिला को यह पता लगने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं कि वह गर्भवती है। गर्भावस्था को जैविक अहम पड़ावों की एक श्रृंखला के रूप में समझा जा सकता है। हर एक पड़ाव को सही क्रम में होना चाहिए और हर एक पड़ाव के सफल होने की एक निश्चित संभावना होती है। पृथ्वी पर इन संभावनाओं का अनुमान क्लीनिकल अनुसंधान और जैविक मॉडल का उपयोग करके लगाया जा सकता है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण यानी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता की स्थिति गर्भधारण को अधिक कठिन बना देगी, लेकिन भ्रूण के बनने के बाद गर्भवती रहने में शायद अधिक बाधा नहीं डालेगी। हालांकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में जन्म देना और नवजात शिशु की देखभाल करना कहीं अधिक मुश्किल होगा। अंतरिक्ष में आखिरकार कुछ भी स्थिर नहीं रहता। तरल पदार्थ तैरते रहते हैं। लोग भी तैरते हैं।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. CODE स्कैन करें।

# हरियाली अउ खुशहाली के तिहार

**मिला बकाया धान बोनस**

**12 लाख** किसानों के खाते में पहुंचे **3716 करोड़ रुपए**

**किसान क्रेडिट कार्ड**

सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को खाद-बीज की खरीद के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लोन

**धान का तत्काल भुगतान**

किसानों को **34 हजार 500 करोड़** रुपये के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान

**कृषक उन्नति योजना**

**25 लाख 54 हजार** किसानों को अंतर की राशि **12 हजार करोड़ रुपए** का एकमुश्त अंतरण

**कृषि लागत सहयोग**

बीते डेढ़ वर्ष में लगभग **1 लाख करोड़** रुपए की राशि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खाते में अंतरित

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि**

विगत डेढ़ वर्षों में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजनांतर्गत लाभार्थियों में शामिल हुए **4.60 लाख से अधिक किसान**



## जम्मो छत्तीसगढ़िया मन ल

# हरेली तिहार

## के गाड़ा- गाड़ा बधई

**24 जुलाई, 2025**

सुशासन से समृद्धि की ओर...



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बारिश के मौसम में जब बढ़े जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। बारिश का मौसम शुरू होने पर मेरे घुटनों में दर्द बढ़ जाता है, चलने में परेशानी होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगदीप, भोपाल**

आपने यह नहीं बताया कि क्या आपके घुटनों में हमेशा दर्द रहता है? आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि इस मौसम में दर्द बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो इसका कारण ढूंढना चाहिए। इस मौसम में धूप नहीं निकलती है। लगातार बारिश होने पर नमी रहती है, जिससे इस तरह की समस्या देखी जाती है। विटामिन डी और B12 की कमी से दर्द बढ़ सकता है। एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। जांच करने के बाद ही इसका उपचार किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट के निचले हिस्से में दाईं तरफ अकसर दर्द होता रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज और असहनीय हो जाता है। कृपया बताएं क्या करूं?**

**-चेतन, बिलासपुर**

दर्द होने की कई वजहें हो सकती हैं। कभी स्टोन की वजह से तो कई बार इंफेक्शन भी दर्द का कारण बनता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर सबसे पहले अल्ट्रासाउंड कराएं, जिससे दर्द का कारण पता चलेगा, इसके बाद ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। बगैर जांच के कोई भी दवा ना खाएं, कई बार यह नुकसानदायक हो सकती है।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। छींकें भी आने लगती हैं। ऐसा क्यों होता है और इस प्रॉब्लम से कैसे बचा जाए?**

**-कुलदीप, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको डस्ट या धूल से एलर्जी हो सकती है। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो एलर्जन सक्रिय हो जाते हैं और इस वजह से छींक आने लगती है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि घर से बाहर निकलते हुए आप मास्क लगाएं, इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, महासमुंद**

आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, क्योंकि आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। इसकी वजह लंबी सिटिंग वाली जॉब और अनियमित लाइफस्टाइल है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप सुबह और शाम नियमित रूप में बैक की एक्सरसाइज करें। इसके अलावा कैल्शियम वाली डिशेज अधिक खाएं। साथ ही विटामिन डी और B12 की कमी होना आजकल शहर के लोगों में आम है। डॉक्टर की सलाह पर इसकी दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विनोद शंकर, कुरुक्षेत्र**

सांस फूलने की वजह कई बार कमजोरी हो सकती है तो कई बार दिल संबंधी बीमारी की वजह से ऐसी समस्या देखने को मिलती है। क्योंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आप लापरवाही ना बरतें। डॉक्टर से संपर्क कर पहले शरीर में खून की जांच कराएं, अगर वह नॉर्मल है तो आपको हृदयरोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वो ईको और टीएमटी जैसी कुछ हार्ट की जांच कराएंगे, जिससे समस्या का पता चल जाएगा और अगर कोई हार्ट की समस्या है तो इसका इलाज हो सकेगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

पाचन तंत्र के पावर हाउस यकृत (लिवर) से संबंधित खतरनाक बीमारी है हेपेटाइटिस। भारत समेत दुनिया भर के लोगों को दिनों-दिन यह बीमारी अपनी गिरफ्त में ले रही है। हालांकि आधुनिक मेडिकल साइंस में इसका ट्रीटमेंट पॉसिबल है। लेकिन आपको इसके कारणों, लक्षणों के साथ प्रिवेंशन के तरीकों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए।

# लिवर का खतरनाक रोग हेपेटाइटिस पॉसिबल है ट्रीटमेंट-प्रिवेंशन है जरूरी








डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रणधीर सूद
प्रेसिडेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 के आंकड़ों के अनुसार, हेपेटाइटिस बी और सी के सर्वाधिक मामले चीन के बाद भारत में सामने आते हैं। भारत सरकार हेपेटाइटिस को लेकर गंभीर है, क्योंकि वह 28 जुलाई 2018 से राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरू कर चुकी है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सन 2030 तक देश में वायरल हेपेटाइटिस को नियंत्रित कर इसका उन्मूलन करना है और इसके साथ ही हेपेटाइटिस के अन्य प्रकारों की रोकथाम करना भी है।

## हेपेटाइटिस के प्रकार

ऐसी सूजन, जो लिवर में संक्रमण के कारण होती है, उसे हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरस के पांच प्रकार हैं- हेपिटाइटिस ए, बी, सी, डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस एः** इसका वायरस लिवर को दूषित पेयजल और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के जरिए संक्रमित करता है।

**हेपेटाइटिस बी और सीः** ये दोनों वायरस लिवर को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाते हैं। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस गलत तरीके से रक्त चढ़वाने, संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं जैसे टूथब्रश और रेजर आदि के इस्तेमाल से अन्य स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है। वहीं जो लोग नशे का इंजेक्शन लेते हैं या फिर असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करते हैं, उनमें हेपेटाइटिस बी और सी होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस डीः** हेपेटाइटिस के इस प्रकार में लिवर में सूजन लंबे समय तक रहती है। ऐसी स्थिति में लापरवाही बरतने पर लिवर फेल्योर की समस्या उत्पन्न हो सकती है। आमतौर पर अगर कोई व्यक्ति हेपेटाइटिस बी और सी से ग्रस्त है, तो उसे हेपेटाइटिस डी होने का खतरा ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस ईः** हेपेटाइटिस के इस प्रकार का वायरस भी दूषित और अस्वच्छ खाद्य-पेय पदार्थों के जरिए लिवर को संक्रमित करता है।



## प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस का कोई भी प्रकार हो, लेकिन इन सभी के आमतौर पर लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। जैसे-भूख कम लगना। पेट में गैस बनना या दर्द होना। अकसर दस्त होना। जी मिचलाना और उल्टी होना। पीलिया होना। त्वचा, नाखूनों और आंखों में पीलापन। बुखार आना। वजन का धीरे-धीरे कम होना। शारीरिक श्रम के बगैर थकान महसूस करना। यूरिन का रंग गहरा पीला होना।

## इन बातों का रखें ध्यान

- बरसात के मौसम में वातावरण में नमी और गंदगी के ज्यादा बढ़ने से हेपेटाइटिस के वायरस तेजी से पनपते हैं। इसलिए बरसात में खान-पान की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
- रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया स्वच्छ और जीवाणु रहित होनी चाहिए।
- फलों और सब्जियों के जरिए भी हेपेटाइटिस ई के वायरस शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए आप जो भी फल और सब्जियां बाजार से लाएं, उन्हें अच्छी तरह से धोकर और पकाकर खाएं।
- किसी भी वस्तु को खाने से पहले हाथों को हैंड सेनिटाइजर, हैंड वॉश या एंटीबैक्टीरियल साबुन से साफ करें।
- हेपेटाइटिस बी मां से बच्चे में फैल सकता है और इसे टीकाकरण से रोका जा सकता है।
- स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें। किसी भी स्थिति में इंजेक्शन की नीडल का इस्तेमाल एक बार से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके लिए स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें और फिर इसे इस्तेमाल के बाद फेंक दें। यदि दो लोगों के बीच सिरिंज का पुनः उपयोग किया जाता है, तो हेपेटाइटिस और एचआईवी जैसे रोगों के संचरण का खतरा बढ़ जाता है।
- किसी दूसरे व्यक्ति का ब्लेड या रेजर भी रक्त को संक्रमित कर हेपेटाइटिस और एचआईवी आदि के खतरे को बढ़ा सकता है।
- टैटू गुदवाते समय सजगता बरतें। टैटू गुदवाने वाले उपकरण की सुई स्टेरलाइज होनी चाहिए।

## डायग्नोसिस के तरीके

- 'आईजीएम' एंटीबॉडी टेस्ट से हेपेटाइटिस ए और ई का पता चलता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस का पता करने के लिए 'डीएनए' लेवेल टेस्ट।
- हेपेटाइटिस सी के लिए 'आरएनए' टेस्ट और जीनोटाइपिंग टेस्ट कराए जाते हैं।
- लिवर फंक्शन टेस्ट, सीबीसी, किडनी फंक्शन टेस्ट भी कराते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

**हेपेटाइटिस ए का इलाजः** अधिकतर मामलों में शरीर स्वतः सेल्फ रिकवरी करता है, लेकिन मरीज को डॉक्टर के परामर्श पर अमल करना चाहिए।

**हेपेटाइटिस बी का इलाजः** इस वायरस का संक्रमण क्रॉनिक इंफेक्शन में भी तब्दील हो सकता है और कुछ मामलों में यह समस्या जीवनपर्यंत जारी रह सकती है। अगर हेपेटाइटिस बी का संक्रमण 6 महीने से ज्यादा चलता है तो इसे क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी कहा जाता है। इस संक्रमण के इलाज में डॉक्टर के परामर्श से इंजेक्शन और टैबलेट्स दी जाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर कैंसर या फिर लिवर सिरोसिस का कारण बन सकता है।

**हेपेटाइटिस सी का इलाजः** नई दवाओं के उपलब्ध हो जाने से हेपेटाइटिस सी का इलाज अब संभव है। इन दवाओं की सफलता दर बहुत अच्छी है और इनके साइड इफेक्ट भी नगण्य हैं।

**हेपेटाइटिस डी का इलाजः** देश में हेपेटाइटिस डी के मामले बहुत कम पाए जाते हैं। हेपेटाइटिस डी के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं।

**हेपेटाइटिस ई का इलाजः** चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब हेपेटाइटिस ई का इलाज संभव है, लेकिन हेपेटाइटिस ई में गर्भवती महिलाओं को जोखिम ज्यादा रहता है।

## खान-पान पर दें ध्यान

हेपेटाइटिस को नियंत्रित करने में खान-पान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिवर को सशक्त बनाए रखने में चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, मूली और ब्रोकली आदि विशेष रूप से लाभप्रद हैं। इसके अलावा खट्टे फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और नारंगी आदि भी हितकर हैं। इसके अलावा अत्यधिक चिकनाई या वसायुक्त आहार लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं, इनसे बचें। जंक फूड्स से परहेज करें। प्रोसेस्ड फूड्स भी हानिप्रद हैं। आहार में साबुत अनाज को शामिल करें। दलिया, खिचड़ी और ओट्स विशेष रूप से लाभप्रद हैं। शराब लिवर की सबसे बड़ी शत्रु है। इससे दूर रहें। नमक का कम सेवन लाभप्रद है। खाद्य पदार्थों पर अलग से नमक न छिड़कें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### हेपेटाइटिस से बचाव के उपाय




**हेपेटाइटिस ए और बी का टीका (वैक्सीन)ः** हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों का टीका उपलब्ध है, जिसके लगवाने से हेपेटाइटिस का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इसके अलावा इन बातों पर भी दें ध्यान।

**स्वच्छ पेयजलः** फिल्टर, प्यूरीफायर या आर.ओ. का पानी ही पिएं। अगर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है तो पानी को उबालकर और फिर इसे ठंडा कर पिएं, क्योंकि हेपेटाइटिस खासकर ए और ई के वायरस अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं।

**टेस्ट करवाएंः** हेपेटाइटिस का टेस्ट इस बीमारी की रोकथाम और प्रारंभिक स्तर पर इसके निदान (डायग्नोसिस) की सटीक विधि है। जब भी आप हेपेटाइटिस के कुछ लक्षण महसूस करें तो डॉक्टर से परामर्श लेकर परीक्षण करवाएं। ऐसा करने से किसी भी गंभीर बीमारी के जानलेवा होने का खतरा टल सकता है।

मेंटल हेल्थ
प्रो. (डॉ.) कोमल चावला
साइकोलॉजी-ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन

पिछले दिनों हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद से बहुत सारे लोग हवाई यात्रा से डरने लगे हैं। ऐसा एंग्जाइटी की वजह से होता है। इस मेंटल कंडीशन से उबरने के लिए आपको कुछ उपाय आजमाने चाहिए।

# एयरोप्लेन एंग्जाइटी उबरने के लिए आजमाएं ये कारगर उपाय

हाल में ही हुए अहमदाबाद एयरोप्लेन क्रैश के बाद से फ्लाइट में निश्चिंत होकर सफर करने वाले कई लोगों के मन में डर, चिंता और घबराहट होने लगी है। ऐसा एयरोप्लेन एंग्जाइटी की वजह से हो रहा है।

**एंग्जाइटी का कारण-प्रभावः** असल में एंग्जाइटी एक सेकेंडरी इमोशनल रिएक्शन होता है। जब कभी हमें किसी चीज का डर होता है, तो उसकी वजह से हम तनावग्रस्त हो जाते हैं, उसके बारे में सोचना शुरू करते हैं और धीरे-धीरे पैनिक या घबरा जाते हैं। जहां तक एयरोप्लेन एंग्जाइटी का सवाल है- यह एयरोप्लेन से जुड़ी घबराहट, कमजोरी या बेवजह डर नहीं, बल्कि व्यक्ति के दिमाग का नए और अनजान माहौल में प्रतिक्रिया करने का तरीका है। एयरोप्लेन क्रैश की भयावह दुर्घटना और मीडिया के ओवर-एक्सपोजर की वजह से व्यक्ति का ब्रेन एयर ट्रैवल को खतरे के रूप में देखने लगता है और शरीर फाइटर फ्लाइट मोड में चला जाता है। बॉडी में कार्टिसोल और एड्रेनलिन हार्मोन रिलीज होने लगते हैं, जिससे व्यक्ति इंटरनल पैनिक या एंग्जाइटी महसूस करने लगता है। इसका व्यक्ति के दिलोदिमाग पर गहरा असर पड़ता है। वह गहरे दुख, विषाद और असुरक्षा की भावना का शिकार हो जाता है। उसे मेंटल-इमोशनल फॉलआउट का सामना करना पड़ता है। भले ही वह पर्सनल लेवल पर उस दुर्घटना का हिस्सा न रहा हो, लेकिन नित्य प्रति होने वाले मीडिया एक्सपोजर के चलते उस घटना से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। कुछ लोगों में निराशा इतनी बढ़ जाती है कि वो एयरोप्लेन में ट्रैवल करने से डरने लगते हैं।



**क्या होते हैं लक्षणः** एयरोप्लेन एंग्जाइटी होने पर ट्रैवल कर रहे लोगों में कई तरह की व्यावहारिक असमानताएं दिखाई देने लगती हैं। जैसे- फ्लाइट के बारे में सोच कर हार्टबीट तेज होना, सांस फूलना या सांस लेने में तकलीफ होना, घबराहट होना, पसीना आना, यूरिन पास करने की फीलिंग बार-बार होना, नींद न आना। पैनिक की स्थिति में ब्रेन फॉग होना शुरू हो जाता है, व्यक्ति कोई निर्णय नहीं ले पाता।

**क्या हैं कारणः** एयरोप्लेन एंग्जाइटी बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं-

- एयरोप्लेन क्रैश या एयरोप्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग की होने वाली घटनाएं सबसे बड़ा कारण हैं। इनसे जुड़ी खबरें देख-सुनकर या फिर दूसरों से बात करने पर व्यक्ति के ब्रेन में फीयर इमोशन एक्टिवेट हो जाता है और वह एंग्जाइटी का शिकार हो जाता है।
- दूसरे लोगों के एयर ट्रैवल के अनुभव सुनकर या न्यूज में देखी-सुनी एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की दुविधा बनी रहती है।

**कैसे करें हैंडलः** पॉजीटिव सोच रखकर और सचेत रहकर व्यक्ति अपनी एयर ट्रैवल एंग्जाइटी पर काबू पा सकता है।

- सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि ट्रैवल करने के लिए हवाई-यात्रा सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक माध्यम है। एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम होती है।
- जरूरी है कि अपने को समझाएं कि यह कोई वास्तविक डर नहीं एंग्जाइटी है।
- मीडिया के ओवर-एक्सपोजर से बचें।
- भगवान पर भरोसा रखें। पैनिक स्थिति में अपनी धार्मिक आस्था के मुताबिक मन ही मन भगवान को याद करें।
- ट्रैवलिंग में टाइम पास करने या रिलैक्स होने के लिए अपनी पसंदीदा किताब या मैगजीन लेकर जाएं। बोरियत से बचने के लिए सीट पर लगी स्क्रीन या फोन पर अपने पसंदीदा प्रोग्राम देखें, डिजिटल गेम्स खेलें, म्यूजिक सुनें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

# डायबिटीज से भी हो सकती है इनफर्टिलिटी

अवेयरनेस



अब से कुछ दशक पहले तक डायबिटीज और बांझपन की समस्या ज्यादातर उम्र बढ़ने के बाद नजर आती थी। लेकिन अब 25-30 साल के युवाओं में भी ये प्रॉब्लम्स तेजी से बढ़ रही हैं। डायबिटीज, शरीर में हार्मोनल और मेटाबॉलिज्म सिस्टम को प्रभावित कर देती है, जिससे रिप्रोडक्शन में परेशानी होती है। यहां तक कि प्री-डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस भी यंगस्टर्स में रिप्रोडक्टिव हार्मोन और महिलाओं के पीरियड्स को प्रभावित कर सकता है। इस वजह से गर्भधारण करने में दिक्कत आती है।

**डायबिटीज और इसका प्रभावः** दिल्ली एनसीआर स्थित मदरहुड हॉस्पिटल में फर्टिलिटी-आइवीएफ स्पेशलिस्ट **डॉ. वर्षा अग्रवाल** के अनुसार, 'डायबिटीज पुरुषों और महिलाओं दोनों की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करता है। डायबिटीज से पुरुषों में स्पर्म काउंट कम होना, स्पर्म की क्वालिटी खराब होना और इरेक्शन की समस्या हो सकती है। महिलाओं में ओव्यूलेशन में दिक्कत, पीसीओएस का खतरा और अंडे की क्वालिटी में कमी आ सकती है। डायबिटीज कंट्रोल न हो तो गर्भपात और प्रीमैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है।'

नई दिल्ली स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. संदीप तलवार** बताते हैं, 'हम अकसर देखते हैं कि 20 से 30 की उम्र के बीच कई युवा डायबिटीज से अनजान होते हैं और हार्मोनल असंतुलन और इनफर्टिलिटी की समस्याओं से ग्रस्त होते हैं। गलत खान-पान, नींद की कमी और तनाव से डायबिटीज और हार्मोनल समस्याएं बढ़ती हैं।' इस समस्या को कंट्रोल करने के बारे में **डॉ. वर्षा अग्रवाल** बताती हैं, 'सही खान-पान (जैसे हरी सब्जियां, दालें, मछली आदि), नियमित व्यायाम और ब्लड शुगर कंट्रोल से डायबिटीज और बांझपन को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।' *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स






## जैकेट के शेष

### क्या है ऑटोनॉमस ....

लेकर परीक्षा संबंधित अन्य चीजों का निर्धारण महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं करते हैं। विवि द्वारा तय सिलेबस में कुछ फीसदी बदलाव का भी अधिकार उन्हें होता है। ऑटोनॉमस महाविद्यालय की व्यवस्था इसलिए की जाती है ताकि कॉलेज अपने स्तर पर प्रयोग कर सकें और शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने में मदद मिले।

### 'ए ग्रेड' कॉलेज ....

के पामगढ़ स्थित चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय प्रदेश का पहला निजी कॉलेज बन चुका है, जो अब ऑटोनॉमस होगा। शासकीय महाविद्यालयों को ऑटोनॉमी स्थायी रूप से प्रदान की जाती है, जबकि निजी महाविद्यालयों को यह एक दशक के लिए प्रदान की जाएगी।

### शासकीय महाविद्यालय के ....

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध साइंस कॉलेज, छत्तीसगढ़ कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज शासकीय होने के साथ-साथ ऑटोनॉमस महाविद्यालय भी हैं, लेकिन इनमें से किसी के पास भी ए ग्रेड नहीं है।

### संसद में जारी ....

हुआ तो लोकसभा में 28 जुलाई को और राज्यसभा में एक दिन बाद चर्चा शुरू होगी। सोमवार को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से, कई मुद्दों, खासकर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया है, जिसके कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। विपक्ष ने सरकार पर ऑपरेशन सिंदूर और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले पर चर्चा को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया।

### नवा रायपुर में ....

गंभीर चोट लगने की वजह से निखिल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की है। निखिल की मौत की जानकारी मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित करने केदार कश्यप के विधायक कालोनी स्थित निवास पहुंचे। पुलिस के मुताबिक सुबह निखिल (22) अपने दोस्तों के साथ नवा रायपुर सैर करने निकले थे। इसी दौरान सत्य साईं अस्पताल के पास स्टेडियम जाने वाले मार्ग में तेज गति में बाइक चला रहे निखिल का बैलेंस बिगड़ा और उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से बाइक टकराने की वजह से निखिल बाइक से उछलकर 40 फीट दूर फेंका गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा निखिल का दोस्त बुरी तरह से घायल हो गया। जिसका नवा रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। **घटना स्थल का जायजा लेने वनमंत्री के साथ एसएसपी पहुंचे :** घटना की जानकारी मिलते ही वनमंत्री केदार कश्यप के साथ एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह मौके पर पहुंच गए थे। निखिल की बाइक के पीछे आ रहे दो अन्य बाइक में सवार उनके दोस्तों से घटना की जानकारी लेने के साथ ही उन्होंने अस्पताल के गार्ड जो प्रत्यक्षदर्शी था, से पूछताछ की। मंदिर हसौद पुलिस को राखी पुलिस के माध्यम से घटना की जानकारी मिली। वनमंत्री तथा एसएसपी के पहुंचने के पहले पुलिस पंचनामा तैयार कर निखिल के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया था। निखिल का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम फरसागुड़ा में शाम पांच बजे किया गया।

### मिंत्रा पर 1654 ....

(फेमा) की धारा 16(3) के तहत शिकायत दर्ज की गई है। एजेंसी को 'विश्वसनीय जानकारी' मिली थी कि 'मिंत्रा' ब्रांड नाम वाली मिंत्रा डिजायन्स प्राइवेट लिमिटेड और इसकी संबंधित कंपनियां 'थोक कैश एंड कैरी' की आड़ में बहु-ब्रांड खुदरा कारोबार कर रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मौजूदा दिशानिर्देशों का कथित उल्लंघन है।

### महिला एवं बाल ....

बच्चों की देखभाल और पोषण जितनी संवेदनशीलता और कुशलता से की जाएगी, उनका शारीरिक और मानसिक विकास उतना ही प्रभावी और सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा, बच्चे हमारे देश के भविष्य की नींव हैं और इस नींव को मजबूत करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, संचालक पीएस एल्मा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**पोषण आहार वितरण की नियमित निगरानी की आवश्कता :** उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जाने वाले पोषण आहार, गर्म भोजन, उसकी मात्रा, गुणवत्ता और कैलोरी मानकों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और वितरण की प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री श्री साय ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित 197 आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की जानकारी ली तथा विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, बच्चों के पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण सूचकांकों की समीक्षा कर सुधार लाएं। सूचकांकों के माध्यम से वास्तविक स्थिति का आंकलन संभव होता है, और जहां भी कमी दिखाई दे, वहां त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

### दिव्यांगजनों को ....

वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और निराश्रितों के कल्याण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तेजस्वी ने दिया बड़ा बयान

# बिहार चुनाव का बहिष्कार कर सकता है विपक्ष!

एजेंसी ▸▸| पटना



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आगामी चुनावों को लेकर बड़ा संकेत दिया है। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या विपक्ष मिलकर चुनावों का बहिष्कार कर सकता है, तो तेजस्वी यादव ने कहा, 'इस पर भी चर्चा हो सकती है। हम देखेंगे कि जनता क्या चाहती है और सभी की क्या राय है।' न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने ये बयान दिया। तेजस्वी का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब विपक्षी दलों के बीच एकजुटता और चुनावी रणनीति को लेकर लगातार मंथन चल रहा है। उन्होंने यह साफ किया कि जनता की भावना और सभी दलों की सामूहिक राय को प्राथमिकता दी जाएगी। यादव के इस बयान को विपक्ष की ओर से एक संभावित सख्त रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने साफ तौर पर यह नहीं कहा कि चुनाव का बहिष्कार होगा, लेकिन इसके विकल्प पर विचार की बात जरूर कही है।

### कब हो सकते हैं चुनाव?

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव अक्टूबर–नवंबर 2025 में आयोजित होने की संभावना है, क्योंकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। फिलहाल बिहार में **SIR** का मुद्दा गरमाया हुआ है। चुनाव आयोग ने 28 जून 2025 से **SIR** (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया शुरू की, जिसमें दस्तावेज सत्यापन और मतदाता सूची की समीक्षा शामिल है। 1 अगस्त 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, और 30 सितंबर 2025 तक अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### बिहार में भाजपा वोटों का अपहरण करना चाह रही



विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। लंच के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई लेकिन इंडिया गठबंधन के विधायक फिर से हंगामा करने लगे। वह सरकार से मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर चर्चा कराने की मांग कर रहे थे। लेकिन, विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के विधायकों को अपने स्थान पर बैठने के लिए कहा। लेकिन, विपक्ष ने उनकी बात नहीं मानी और वॉकआउट कर सदन के बाहर निकल गए। इसके बाद इंडिया गठबंधन के विधायकों ने प्रेस वार्ता की। विपक्ष ने कहा कि बिहार वोटरों के नाम काटने की साजिश चल रही है। करीब 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से कटने वाला है। सरकार चर्चा से भाग रही है।

## पेज एक के शेष

### अच्छी बारिश के लिए पूजा-अर्चना...

लोग एकत्रित हुए। इस अनूठी जात्रा में दंतेवाड़ा के अलावा कुआकोण्डा, कटेकल्याण व गीदम ब्लाक के 12 परगनों के 84 गांवों के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा व विश्वास के साथ देव पूजा कर इंद्रदेव से अच्छी बारिश की प्रार्थना की। इस जात्रा की शुरूआत सुबह शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई, जिसे मां दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी ने पुराने सर्किट हाउस के करीब देवगुड़ी में विधि विधान से संपन्न कराया।

**ग्रामीण अच्छी फसल पैदावार, भरपूर बारिश की मन्नत लेकर पर्व में होते हैं शामिल :** दंतेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी परमेश्वर नाथ जिया ने बताया कि हर तीन साल में बस्तर में अच्छी भारी सुख समृद्धि और अच्छी फसल के लिए भीमसेन जात्रा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान भीमसेन यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस पर्व में 84 गांव के लोग सम्मिलित हुए और इस आयोजन को भक्ति भाव से संपन्न कराया। जिया पुजारी ने बताया कि दूर-दूर से ग्रामीण अपनी फसल पैदावार अच्छी हो और भरपूर पानी गिरे इसकी मन्नत को लेकर भीमसेन देव के पास पहुंचते हैं। मन्नत स्वरूप मुर्गा, फल फूल, वस्त्र आभूषण आदि भीमसेन देव को अर्पण करते हैं। मान्यता है कि भीमसेन देव की पूजा अर्चना के बाद बस्तर में अच्छी बारिश होती है, यह मान्यता वर्षों से चली आ रही है जो आज भी निभाई जा रही है।

### अब तक नहीं हुई अच्छी बारिश...

ग्रामीण अपने आराध्य देवताओं को मनाने में जुटे हैं। परंपरा है कि हरियाली अमावस्या से पूर्व भीमसेन देव की विशेष पूजा की जाती है।

### उदेला पहाड़ पर भीमसेन...

का प्रतीक है। सदियों पुरानी यह परम्परा दंतेवाड़ा जिले में आज भी जीवंत है। भीमसेन देव की यह पूजा सिर्फ आस्था नहीं, वरन जल-जंगल-जमीन के साथ बस्तरवासियों के जुड़ाव को दशार्ती है। अब यह परंपरा बस्तर की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाई जा रही है।

### घरेलू हिंसाः केस दर्ज होने के दो..

गिरफ्तार न करे। कोर्ट ने दो महीने की अवधि को शांति अवधि कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक महिला आईपीएस अधिकारी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिया। कोर्ट ने उस महिला अधिकारी को उससे अलग हुए पति और उसके रिश्तेदारों के उत्पीड़न के लिए अखबारों में माफीनामा प्रकाशित कर माफी मांगने का भी आदेश दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2022 के दिशानिर्देशों के मुताबिक, दो महीने की शांति अवधि पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तारी सहित कोई भी कार्रवाई करने से रोकता है। हाईकोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों को पहले संबंधित जिले की परिवार कल्याण समिति को निपटारे के लिए भेजा जाना चाहिए, और इस दौरान यानी पहले के दो महीनों तक पुलिस कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी।

### कोल डस्ट पर भड़के...

जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। पूर्व में हुई सुनवाई में इसमें शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि आप प्लांट चलाइए कोई दिक्कत नहीं है कोई रोकता नहीं है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आपके कारण कोई अस्थमा से मर जा रहा है, बरसात का मौसम है, सड़कें खराब हैं ,कीचड़ है, आदमी चल नहीं पा रहा, एक्सीडेंट हो रहा, इस तरह का रवैया मत रखिए। एसईसीएल द्वारा प्रस्तुत एफिडेविट और जवाब पर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई।

### जिम्मेदारियों से ...

तकलीफ दें। आपके कोल परिवहन करने वाले 18 चक्के वाली गाड़ियों से सड़कों की स्थिति खराब है, सड़कें धंसी हुई हैं। 5 किलोमीटर में 25 गड्ढे हो गए हैं, जो हम आपको दिखा सकते हैं और आप कहते हैं कि ये हमारी जवाबदारी नहीं है, हम केवल कोयला प्रोडक्शन करते हैं, बाकी ट्रांसपोर्ट करने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने कहा कि यदि ऐसा है तो हम ट्रांसपोर्टिंग बंद करवा देते हैं, आप रखे रहिए अपना कोयला अपने पास आप मैन्युफैक्चरर है आपकी रिस्पांसिबिलिटी है ऐसा नहीं है कि छोड़ दिए ट्रांसपोर्टर पर।

## देश में ड्रग्स के उत्पादन को बढ़ाने के लिए 'डी कंपनी' की फंडिंग!

एजेंसी ▸▸| मुंबई

मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़ी जानकारी लगी है। दावा है कि मुंबई में ड्रग्स के प्रोडक्शन के लिए पाकिस्तान में बैठा छोटा शकील का भाई अनवर भाई फंडिंग कर रहा है। साथ ही देश में ड्रग्स के उत्पादन को बढ़ाने के लिए D कंपनी की फंडिंग कर रही है। अनवर बाबू शेख, साल 1984 में भारत से फरार होकर पाकिस्तान भाग चुका है, उस पर हत्या और एक्सटॉर्शन जैसे संगीन आरोप हैं। 2021 में एक बिल्डर को धमकी देने के मामले में उसका नाम सामने आया था। सूत्रों ने आगे बताया कि दाऊद इब्राहिम का करीबी माने जाने वाला सलीम डोला ड्रग्स के उत्पादन के बाद उसे बिकवाने का करता है काम. सलीम डोला अब भी फरार है। ड्रग्स के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलीम डोला के बेटे ताहिर डोला और उसके भांजे मुस्तफा क़ुब्बावाला को UAE से गिरफ्तार कर भारत लाया है। एबीपी न्यूज के हाथ इस गैंग से जुड़े एक शख्स का बयान लगा है।

## अमेरिका ने की जापान के साथ सबसे बड़ी ट्रेड डील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान के साथ ट्रेड डील का ऐलान किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि इस डील के तहत जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर (407 अरब पाउंड) का निवेश करेगा और उसे 15 परसेंट का रेसिप्रोकल टैरिफ चुकाना होगा। इसे अब तक की सबसे बड़ी ट्रेड डील बताते हुए ट्रंप ने दावा किया है कि इससे अमेरिका को 90 परसेंट प्रॉफिट होगा। इससे लाखों नौकरियां पैदा होंगी।


**DHAMTARI CHRISTIAN HOSPITAL**
Raipur Road, Dhamtari-493773 [C.G.]
(UNIT OF MENNONITE MEDICAL BOARD) Phone: 07722-230235
Website: E-mail: dchdhamtari@gmail.com www.dchdhamtari.com

**REQUIREMENT**

Date: 16/07/2025

Dhamtari Christian Hospital, Dhamtari (Chhattisgarh), 250 bedded hospital requires the following posts:-

| S. No. | Post | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Medical Consultant | 02 | MD/DNB Medicine |
| 2 | Paediatrician | 01 | MD/DCH |
| 3 | Obstetrician & Gynaecologist | 02 | MS/MD/DGO |
| 4 | ENT Surgeon | 01 | MS/DLO |
| 5 | Anaesthetist (Critical Care) | 01 | MD/DA/Fellowship in Critical Care Medicine |
| 6 | Medical Officer | 04 | MBBS |

Note: ● Applicants may submit their updated resume along with all documents (Degree/Diploma/Registration, etc.) copies in the office of the HR Manager, Business Office, Dhamtari Christian Hospital OR Send the above mentioned documents on **hrdesk@dchdhamtari.com** 9201641910 (WhatsApp). ● For any other inquiry call or message on 9201641910 (WhatsApp) Timing 10 am to 4 pm.

**Medical Superintendent**
**Dhamtari Christian Hospital**
**Dhamtari (CG)**



न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202507140100010/अ-20(3)/2024-25
ग्राम-गौरगांव

एतद्व द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग कोण्डागांव द्वारा अटल विहार योजना के तहत राज्य शासन द्वारा EWS भवन हेतु रूपये 80,000.00 प्रति हितग्राही एवं एल.आई.जी. भवन हेतु रूपये 40,000.00 रू प्रति हितग्राही के मान से अनुदान दिया जाना प्रस्तावित होने पर ग्राम गौरगांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 564 रकबा 0.67 हे. एवं शासकीय भूमि खसरा नम्बर 546/1 रकबा 2.50 हे. मे से रकबा 1.10 हे. कुल रकबा 1.77 हे. को अटल विहार योजना के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग कोण्डागांव को आबंटित किये जाने बाबत न्यायालय कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर में प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वंय या आम मुख्तियार नामें से दिनांक 31.07.2025 को पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार कांकेर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website : risali.urbanecg.gov.in

क्र./लो.क.वि./2025/755 — रिसाली, दिनांक 23/07/2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.क.वि. भवन/रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 02 रूआबांधा उत्तर भाठापारा कर्मा भवन प्रथम तल में हॉल निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। | 9.74 |
| 2. | वार्ड क्र. 06 रूआबांधा सेक्टर ब्लॉक नं. 117 के सामने में चबूतरा निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 8.39 |

नियम एवं शर्ते तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली


## मणिपुर में खूनी वारदात

# कुकी उग्रवादियों के बीच आपसी संघर्ष, 5 की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▸▸| इंफाल

मणिपुर के नुनी जिले में सोमवार रात कुकी उग्रवादी संगठन के पांच सदस्यों की कथित रूप से आंतरिक विवाद के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई. यह घटना जिले के देवाईजंग गांव में हुई, जो जिला मुख्यालय नुनी से करीब 53 किलोमीटर दूर एक दूरस्थ इलाका है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, मारे गए पांचों युवक चिन कुकी मिजो आर्मी (सीकेएमए) नामक उग्रवादी संगठन से जुड़े हुए थे. इस संगठन की स्थापना दो वर्ष पहले हुई थी और यह केंद्र सरकार के साथ 2008 में हुए सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स समझौते का हिस्सा नहीं है। इस बीच, सीकेएमए संगठन ने अपने स्थानीय भाषा में एक बयान जारी कर कहा है कि कुछ गलतफहमियों और दुर्भावनाओं के कारण हमारे पांच साथियों की हत्या हो गई, जो न केवल संगठन के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। मणिपुर में लंबे समय से विभिन्न जातीय और उग्रवादी समूहों के बीच टकराव चलते रहे हैं।

### पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

पुलिस ने बताया कि फिलहाल इस घटना की पुख्ता वजह सामने नहीं आई है, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी झगड़े और संगठन के भीतर चल रहे विवाद का नतीजा माना जा रहा है। घटना की जांच जारी है और सुरक्षा बल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।


न्यायालय नायब तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202507140100003 /अ-20 (3)/2023-2024
ग्राम- गढ़पिछवाड़ी तह. कांकेर

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रिजनल मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र क्रमांक 04 सिटी सेंटर मॉल, प्रथम तल, नया बस स्टैण्ड के पास कांकेर के द्वारा ग्राम गढ़पिछवाड़ी तहसील कांकेर स्थित शासकीय आबादी मद की भूमि खसरा नंबर 12/1 रकबा 1.347 हेक्टेयर में से 0.20 हेक्टेयर भूमि आर.बी.आई. का मेगा करेंसी चेस्ट (खजाना) निर्माण करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक को आबंटित करने मांग किया गया है जो जाँच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. (रा.) कांकेर के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जो जाँच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. (रा.) कांकेर के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियार नामे से दिनांक 25.07.2025 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

मुहर — नायब तहसीलदार कांकेर



**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. CAOCRSPBBS-10-2025, दिनांक : 17.07.2025

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के खोरधा रोड-पलासा मेन लाइन में रम्भा (RBA)-हुम्मा (HMA) स्टेशन के बीच रलवे कि.मी. 556/1-3 पर समपार सं. 275 के बदले एवं रलवे कि.मी. 558/01-03 पर समपार सं. 276 के बदले में रोड ओवर ब्रिज (ROB) से संबंधित पहुंच मार्ग का निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 9291 लाख, EMD : ₹ 47,95,900/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 19.08.2025 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

**निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G & G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / RSP / भुवनेश्वर
PR-63/CI/25-26



**कार्यालय नगर पंचायत पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
Email ID : nppakhanjore@gmail.com — Phone No. 07844-231036

क्रमांक/678/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 — पखांजूर, दिनांक 23.07.2025

**// ई-प्रोक्योरमेंट आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 24.07.2025 समय 11:30 AM से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 172620 | उचित मुल्य दुकान सह-गोदाम निर्माण कार्य पखांजूर - 01 ( वार्ड क्र . 15 ) | 12.75 | 9600.00 | 12-08-2025 TIME 5.30 P.M |
| 2 | 172622 | उचित मुल्य दुकान सह-गोदाम निर्माण कार्य पखांजूर - 02 ( वार्ड क्र . 08) | 12.75 | 9600.00 | 12-08-2025 TIME 5.30 P.M |
| 3 | 172630 | उचित मुल्य दुकान सह-गोदाम निर्माण कार्य पखांजूर- 03 ( वार्ड क्र . 07 ) | 12.75 | 9600.00 | 12-08-2025 TIME 5.30 P.M |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तो, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट के वेबसाईट विभागीय पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं uad.cg.gov.in डाउनलोड की जा सकती है।

**टीप :-** अमानत राशि (मुल प्रति), शपत पत्र एवं अन्य दस्तावेजों को बंद लिफाफे मे स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पंचायत पखांजूर कार्यालय में निर्धारित समय से पूर्व प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पखांजूर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5937



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5936 का हल



## सूडोकु नवताल - 5947

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5946 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

केरल के कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जा रहा था दोहा

# एयर इंडिया विमान में तकनीकी खराबी उड़ान भरने के दो घंटे बाद लौटा वापस

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोहा जा रहा एअर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान बुधवार को किसी तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के दो घंटे बाद लौट आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फंसे हुए यात्रियों के लिए बाद में वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की गई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि विमान ने सुबह नौ बजकर सात मिनट पर कालीकट से उड़ान भरी थी लेकिन वह दो घंटे बाद यानी अपराह्न 11 बजकर 12 मिनट पर उसी हवाई अड्डे पर लौट आया। इस विमान में पायलट और चालक दल सहित 188 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा, 'विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। विमान को किसी आपात स्थिति के कारण नहीं उतारा गया।' उन्होंने बताया कि दोहा के लिए वैकल्पिक उड़ान यात्रियों को लेकर दोपहर 2:16 बजे रवाना हुई। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण विमान को 'एहतियातन उतारा' गया था।

### इंडिगो की अहमदाबाद-दीव उड़ान भी तकनीकी खराबी के कारण रद्द

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद से दीव जाने वाला इंडिगो का एक विमान बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण अंतिम समय में उड़ान नहीं भर सका। विमान में 50 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद से दीव के लिए उड़ान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूर्वाह्न लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर रवाना होनी थी।

पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर लंदन पहुंचे

# ब्रिटिश पीएम संग एफटीए को देंगे अंतिम रूप, द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को ब्रिटेन और मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। उन्होंने इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और ठोस परिणाम हासिल करने की उम्मीद जताई, जो भारत की वैश्विक और क्षेत्रीय साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

हमारा सहयोग व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, स्थिरता, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों तक फैला हुआ है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर के निमंत्रण पर हो रही यह पीएम मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा है। वे ब्रिटेन में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी पर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात करेंगे।

पीएम मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि



### दूसरे चरण में मालदीव जाएंगे पीएम मोदी

यात्रा के दूसरे चरण में, पीएम मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर 25-26 जुलाई को मालदीव की राजकीय यात्रा करेंगे। यह उनकी तीसरी मालदीव यात्रा है और राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यकाल में किसी राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा है। विशेष रूप से, पीएम मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### किंग चार्ल्स तृतीय से करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी ने कहा कि वह पीएम स्टारमर के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को गति देने और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी, दोनों देशों में समृद्धि, विकास और रोजगार सृजन को प्रोत्साहन मिले।

### समुद्री सुरक्षा बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति मुइज्जू और मालदीव के अन्य नेताओं के साथ बैठकों के लिए उत्सुक हूँ, ताकि अक्टूबर 2024 में अपनाए गए 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके। यह यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'विजन महासागर' के तहत हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए सहयोग को मजबूत करेगी।

## वंदे भारत में पैसेंजर को दाल में मिला कीड़ा, रेलवे ने मांगी माफी



**श्रीनगर।** इंडियन रेलवे की सबसे प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत के खाने में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के खाने में कीड़े मिलने की तस्वीर को एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। पोस्ट की तस्वीर पोस्ट में दिख रहा है कि एल्युमीनियम के डिब्बे में परोसी गई दाल में एक काला कीड़ा मौजूद है। यह तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। पोस्ट में दावा किया गया है कि यह घटना 22 जुलाई को कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में हुई। सोशल मीडिया इस मामले को जिस अकाउंट से उठाया गया है। उसमें बायो में वडोदरा के निवासी होने का उल्लेख किया है।

लग्जरी गाड़ियां, विदेशी मुहरें और कैश बरामद

# गाजियाबाद की आलीशान कोठी में अवैध दूतावास फर्जी राजदूत पकड़ा गया

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद



गाजियाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नोएडा की टीम ने कविनगर में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाभोड़ किया है। टीम ने अवैध दूतावास का संचालन करने वाले आरोपी हर्षवर्धन निवासी कविनगर को गिरफ्तार किया है।

### आरोपी के पास से ये हुआ बरामद

- डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी चार गाड़ियां
- माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट
- विदेश मंत्रालय की नकली मुहरें
- कूटरचित दो पैनकार्ड
- विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 मुहरें
- फर्जी प्रेस कार्ड
- करीब 44.7 लाख रु. कैश
- कई देशों की विदेशी मुद्रा
- 18 डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट

### वाहनों में विदेशी राजनयिकों वाली नंबर प्लेट

हर्षवर्धन जैन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सबोरगा, पॉल्विया और लॉडोनिया देशों का कौंसिल एंबेसेडर बताता था, जबकि ऐसे नाम कोई देश नहीं हैं। आरोपी से विदेशी राजनयिकों के लिए प्रयोग होने वाली वाहनों की कई नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। टीम के अनुसार हर्षवर्धन जैन का पूर्व में चंद्रास्वामी और इंटरनेशनल आर्म्स डीलर अदनान खगोशी से संपर्क उजागर हुआ है।

## बीजेपी अखिलेश पर भड़की, मस्जिद में बैठक पर जतायी आपत्ति

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के दिल्ली में संसद भवन के पास स्थित एक मस्जिद में कथित तौर पर बैठक करने पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कहा कि अखिलेश ने मस्जिद को सपा का दफ्तर बना दिया, जिसपर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आस्था जोड़ती है।

## भारत-चीन के बीच हुई 34वीं बैठक

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर हुए सैन्य विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद आपसी संबंधों को सामान्य करने बढ़ रहे हैं। बुधवार को सीमा संबंधी मामलों को लेकर गठित किए गए तंत्र डब्ल्यूएमसीसी की नई दिल्ली में 34वीं बैठक हुई।

# दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' लॉन्च



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में निर्मित दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' बुधवार को लॉन्च कर दिया गया। पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत (जीएसएल यार्ड 1267) पिछले साल 29 अगस्त को लॉन्च किया गया था, जिसकी अब जल्द ही आपूर्ति होने वाली है। लॉन्च किया गया पोत (जीएसएल यार्ड 1268) जीएसएल में निर्मित दो प्रदूषण नियंत्रण पोत श्रेणियों में से अंतिम पोत है। दूसरे पोत की लांचिंग भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि की मौजूदगी में उनकी पत्नी प्रिया परमेश के हाथों हुई। समारोह में जीएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार उपाध्याय, रक्षा मंत्रालय, तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी और जीएसएल के कर्मचारी उपस्थित थे।

कांग्रेस ने केंद्र से पूछे सवाल

# जम्मू कश्मीर में सरकार बहाल हो गई पर पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं, क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने आज जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर अपने आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की। पार्टी ने कहा कि यह न केवल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बार-बार किए गए वादों का हिस्सा भी है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड
अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- रेडीमेड कपडा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एंव लड़कियों कि आवश्यकता है। पता- आर.एस. अपैरल्स रेमण्ड शोरूम के पिछे पंडरी रायपुर मोबाइल नं.- 8959961875.(RO-6846)0

आवश्यकता है- बर्जर पेंट दुकान में कार्य हेतु लड़कों (कम से कम बारहवीं) की,वेतन 10 से 12,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता । अमृत सेल्स, स्टेशन रोड ,रायपुर । मोबाइल 9827174205. (RO-183)

सेल्समैन/ऑपरेटर
आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू काम हेतु फुल टाइम काम वाली बाई की आवश्यकता है। रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। सम्पर्क करें- 9039100784. (RO-38297)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन
आवश्यकता है- मेडिकल कार्य हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है अनुभव कम से कम 3वर्ष, वेतन योग्यतानुसार (बी फार्मा को प्राथमिकता) सम्पर्क:- आरोग्यम फॉर्मेसी, मानसरोवर भवन, रोहिणीपुरम चौक, डीडी नगर, रायपुर, मोबाइल 9009405000, 9826175100. (RO-359)

ऑफिस/फील्ड कार्य
आवश्यकता है- अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कोहका भिलाई में ऑफिस एवं फील्ड कार्य हेतु पुरुष स्टाफ की आवश्यकता है। 01 पद । योग्यता- ग्रेजुएशन एवं कंप्यूटर अनुभव। आवेदन मेल करे। agraseniti@gmail.com (आरो नं.-7191)

ऑपरेटर/अकाउन्टेंट
आवश्यकता है - मेडिकल होलसेल डिपो में निम्न पदों की आवश्यकता है (1) बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर (2) अकाउंटेंट (3) गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक / युवतियों की। औषधि वाटिका, डूमरतराई 9770099119, 9669426111 (RO-421)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे (रहना फ्री) सैलरी 10,000 +कमीशन +बोनस संपर्क करे:- 8817252877 मुंगेली नाका चौक बिलासपुर (RO-191)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज- 79998-47673 समय - 12 से 5 तक (आरो न.-786)

कम्प्युटर ऑपरेटर
आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर लड़का या लड़की एवं लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261 -13735. (RO-378

इलेक्ट्रीशियन
आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। ITI/ DIPLOMA पैनल रैपर करने वाले अनुभवी को प्राथमिकता। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता– वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर 7000681512, 7828901615. (RO-193)

अन्य
आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के - लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या - 655 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500 + 54500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना + खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार) - 8957118102. (RO-1048)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड | CMA DATA | BALANCE SHEET | MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क – शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
| --- | --- | --- |
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
| --- | --- |
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

शाश्वत हॉस्पिटल Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgon M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
चश्में से आजादी
मोतियाबिंद का ऑपरेशन (बिना टांके) फेको पद्धति द्वारा।
मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिना इंजेक्शन (टॉपीकल फेको)।
अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर।
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा चश्में की जांच।
टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रुपये तीन पैसे टूटकर 86.41 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में कमजोर हुआ



और तीन पैसे टूटकर 86.41 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वैश्विक रुझानों के अनुरूप कच्चे तेल की कम कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में भारी लिवाली से घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.46 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला।

### वेदांता को कर्नाटक में लौह अयस्क खदान मिली

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने नीलामी प्रक्रिया के जरिये कर्नाटक में एक लौह अयस्क खदान हासिल की है। वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि कंपनी जंथाकल लौह अयस्क खदान के लिए आयोजित नीलामी में प्रमुख बोलीदाता बनकर उभरी। कर्नाटक के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने उक्त ब्लॉक के संबंध में खनन लाइसेंस प्रदान करने को पिछले साल नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं।

### जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौता

# व्यापार समझौतों से कुछ एशियाई देशों को शुल्क से राहत, अन्य को अब भी इंतजार

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा की है, जिससे कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर अमेरिका को उनके निर्यात पर अत्यधिक उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि चीन के साथ वार्ता को अधिक समय देने को 12 अगस्त की समयसीमा को फिर से आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत के साथ बातचीत की स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, इसकी प्रगति देश के अत्यधिक संरक्षित कृषि क्षेत्र पर निर्भर प्रतीत होती है। देश पर 26 प्रतिशत शुल्क का खतरा मंडरा रहा है। अप्रैल से लगभग हर देश को अमेरिका में प्रवेश करने वाले उत्पादों पर अन्य क्षेत्रीय शुल्कों के अलावा न्यूनतम 10 प्रतिशत के आधार शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस्पात व एल्युमीनियम के अमेरिकी आयात पर भारी शुल्क अब भी लागू हैं और दक्षिण कोरिया तथा थाइलैंड सहित कई अन्य देशों ने अभी तक कोई समझौता नहीं किया है।

### अमेरिका को उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी



### स्वीडन में अभी एक और दौर की बातचीत होनी है

बेसेंट ने 'फॉक्स बिजनेस' के साथ बातचीत में मंगलवार को कहा कि चीन के साथ शुल्क की समयसीमा 12 अगस्त है, लेकिन इसे बढ़ाए जाने की संभावना है। दोनों पक्षों के बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में स्वीडन में एक और दौर की बातचीत होनी है। इस बीच, ट्रंप ने कहा कि जल्द ही वह चीन यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों को स्थिर करने के प्रयासों का संकेत मिलता है।

### दक्षिण कोरिया से समझौते की कोई खबर नहीं

जून में घोषित प्रारंभिक समझौते ने चीन के लिए दुर्लभ खनिजों, उच्च प्रौद्योगिकी और अन्य विनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हटाने का मार्ग प्रशस्त किया। दक्षिण कोरिया और अन्य एशियाई देशों के लिए अभी तक किसी समझौते की कोई खबर नहीं है। एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने से एशिया और अन्य स्थानों के कुछ देशों पर दबाव बढ़ रहा है।

### जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया

ट्रंप और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने बुधवार को एक समझौते की घोषणा की जिसके तहत जापान से अमेरिकी आयात पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जो अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क से कम है।

### फिलीपीन पर 19 प्रतिशत का शुल्क लगेगा

ट्रंप ने फिलिपीन और इंडोनेशिया के साथ भी व्यापार समझौतों की भी घोषणा की। फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि उनके देश से आयातित उत्पादों पर 19 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। यह पहले प्रस्तावित 20 प्रतिशत शुल्क से केवल एक प्रतिशत कम है।

### इंडोनेशिया को 19 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा

इंडोनेशिया को भी 19 प्रतिशत शुल्क सामना करना पड़ेगा, जो कि पहले प्रस्तावित 32 प्रतिशत की दर से कम है। इससे पहले, ट्रंप ने घोषणा की थी कि वियतनाम के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जो चीन से आने वाले सामान पर दोगुना होगा।

# सेंसेक्स 540 अंक चढ़ा निफ्टी 25,200 अंक पार

### एशियाई बाजार में मजबूती का रुख रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एशियाई बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 540 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,200 अंक के पार पहुंच गया। जापान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते



के बाद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.62 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### कंपनियों के परिणाम में मिलाजुला रुख

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम की मिली-जुली शुरुआत के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई। अमेरिका-जापान व्यापार समझौते की घोषणा के साथ सकारात्मक वैश्विक संकेतों से धारणा को मजबूती मिली।

## बिजनेस साइट

# मुख्यमंत्री साय ने किया 'एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स' इकाई का शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर के सेक्टर-05 में एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का भव्य शुभारंभ किया। यह पूर्णतः स्वचालित यूनिट टैबलेट, सिरप, क्रीम और ऑइंटमेंट जैसे दवाइयों के उत्पादन में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने इकाई का निरीक्षण करते हुए आधुनिक तकनीकों की सराहना की और इसे प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में यह एक प्रेरणादायक शुरुआत है। उन्होंने नवा रायपुर को औद्योगिक निवेश और लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से उपयुक्त स्थान बताया। एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स के निदेशक उज्ज्वल दीपक ने बताया कि यह यूनिट अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित है और पर्यावरण-संवेदनशील प्रणाली से युक्त है। यह इकाई लगभग 100 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध



करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी नीतियों, भूमि आवंटन, वित्तीय सहायता और उद्योग विभाग की सुविधा ने इस परियोजना को कम समय में साकार दिया है। इस यूनिट के माध्यम से छत्तीसगढ़ फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाएगा। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स के निदेशक मंडल से कोमलचंद चोपड़ा, अनिल देशलहरा, उज्ज्वल दीपक उपस्थित रहे।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज से

**रायपुर।** उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज, सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक लिवर की जांच हेतु फाइब्रोस्कैन शिविर आयोजित होगा। फाइब्रोस्कैन एक आधुनिक, दर्दरहित एवं गैर-सर्जिकल तकनीक है, जिससे लिवर फाइब्रोसिस, फैटी लिवर या सिरोसिस की प्रारंभिक अवस्था में पहचान की जा सकती है। यह जांच मधुमेह, मोटापा, हेपेटाइटिस, शराब सेवन, या लिवर एंजाइम्स में असंतुलन जैसे कारकों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसके अलावा 25 जुलाई शुक्रवार को एंडोस्कोपी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जो पेट दर्द, उल्टी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग और सीने में जलन जैसे लक्षणों से ग्रसित मरीजों के लिए उपयोगी है। इस पहल का उद्देश्य गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर उचित इलाज प्रदान करना है। दोनों शिविरों में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।

UMH आयुष्मान भव:
24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा

# चांदी का नया रिकॉर्ड! भारत में पहली बार 1.18 लाख रुपए किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्टॉकिस्ट के भारी खरीदारी से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 4,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं जबकि सोने में 1,000 रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900 रुपये बढ़कर 1,00,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के साथ सोने की मांग बनी हुई है। इसका मुख्य कारण एक अगस्त की समयसीमा से पहले व्यापार समझौता होने की घटती उम्मीदें हैं।'' गांधी ने कहा कि इस अनिश्चितता ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है जिससे सुरक्षित निवेश की ओर रुझान बढ़ रहा है।

# एडीबी ने भारत के वृद्धि अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने व्यापार अनिश्चितता और अमेरिका के उच्च शुल्क को लेकर चिंताओं के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर बुधवार को 6.5 प्रतिशत कर दिया। जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में अप्रैल 2025 की तुलना में गिरावट के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य के अनुसार, '' यह संशोधन मुख्य रूप से अमेरिकी शुल्क और उससे जुड़ी नीतिगत अनिश्चितता के प्रभाव के कारण किया गया है।

**Chhattisgarh Tourism Board**
Chhattisgarh Full of Surprises
2nd Floor, UDYOG BHAWAN, Ring Road -1, Telibandha, Raipur (C.G.)
Tel.: 0771-4224600, 611, Fax: 0771-4066425, E-mail: visitcg@gmail.com, Website: http://tourism.cgstate.gov.in

**अनुपयोगी (Scrap) सामग्रियों के अपलेखन (विक्रय) हेतु निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न इकाईयों की अनुपयोगी (Scrap) सामग्रियों का अपलेखन किया जाना है। कय करने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म इकाई प्रबंधक से अथवा नीचे दी गई लिंक के माध्यम से सम्पूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
http://tourism.cgstate.gov.in/download/important-documents

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित,**
विद्युत सेवा भवन परिसर, डंगनिया, रायपुर

**आम सूचना**

माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के पारंपरिक ताप विद्युत एवं जल विद्युत संयंत्रों तथा गारे–पेलमा–III कोयला खदान लागत पुनरीक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के पूँजीगत निवेश योजना हेतु प्रस्तुत याचिका कं. 99/2024 पर दिनांक 10.07.2025 को पारित आदेश में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु 164.77 करोड़ पूँजीकरण अनुमानित किया गया है। उक्त आदेश www.cserc.gov.in एवं www.cspc.co.in पर उपलब्ध है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

मुख्य अभियंता (सी.एण्ड.आर.ए.)
सी.एस.पी.जी.सी.एल, रायपुर

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/CHAIBASA/07/2024-25(3rd Call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत कोलपोटका पंचायत के ग्राम कुर्थाबेड़ा में चर्च के सामने पुल निर्माण। | 31470600.00 | 630000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 28.07.2025 से दिनांक 06.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –. 08.08.2025 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709623131 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा खोलने की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति/दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति /दावा मान्य नहीं होगा।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
12. किसी भी समय बिना सूचना के निविदा रद्द एवं किसी भी प्रकार का संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं इस पर किसी प्रकार का दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

PR 357960 West Singhbhum(25-26).D

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कवर्धा,**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

**आदेश क्रमांक 3455 / वलेस / 2025 कवर्धा, दिनांक 19/07/2025**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक - 163709 द्वितीय निविदा सूचना क्रमांक 23/वलेस / 2024-25 / कवर्धा, दिनांक 06/01/2025 कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत घोंटा जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण, वेस्ट वियर का मरम्मत मुख्य एवं माईनर नहरों का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग, 3 नग व्ही.आर. बी. निर्माण सहित कुलाबा पाईप फिक्सिंग कार्य हेतु द्वितीय आमंत्रित निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

जी.नं. 242505132

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

G- 252602349/3

**झारखण्ड सरकार**
**क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,**
**पथ निर्माण विभाग, दुमका**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)
ई–निविदा प्रसंग सं०:–RCD/FSD/AP/DUM/08/2025-26
दिनांकः–23.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Consultancy services for preparation of **Detailed Project Report For Widening, Strengthening & Reconstruction of Road from Mohanpur More (On Vidyasagar - Karamdah Road) To Kuruwa (Sibu Soren Chowk) Deoghar Border** including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc. as required Under Road Division **Jamtara** in the state of Jharkhand. **(Tentative Length-10.00 Km)** |
| 2. | अनुमानित लंबाई | 10.00 कि० मी० |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 60 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 25.07.2025, 05.00 बजे अपराह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.08.2025, 12.00 बजे अपराह्न तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.08.2025, 01.00 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं० | 8292901787 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं० | 0651–2401010 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका

PR 357982 (Road)25-26*D

**JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No: JRDA/CIVIL/25-26/04/498**
**Date: 22-07-2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Balance works of Development for Phase VI, VII and VIII at Belgaria Township. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 19,30,22,437.00 |
| 3. | EMD | Rs. 19,30,000.00 |
| 4. | Tender Document Cost | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Time of Completion | 06 months |
| 6. | Date/Time from which bid is available for online bidding | 23.07.2025 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for on-line submission of bids | 14.08.2025 at 5:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid Opening | 18.08.2025 at 11:30 AM |
| 9. | Name and Address of Officer inviting tender | Head of Department (Civil), JRDA, Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com |

Note : 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

Head of Department (Civil),
JRDA, Dhanbad

PR 358019 Urban Development (25-26)_D

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:
**NIT No: 34/BRPH-II/SEE/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Date. 22/07/2025**
**Name of Work:** "infrastructure Development of Balance City Level Road (Phase-II) at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)"
Estimated cost : INR **67.62** Crs., EMD: INR **68.62** Lakhs, Period of Completion: **18** Months.
Last Time & Date of Online Submission: **15:00** hrs on **12.08.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer
NRANVP

S-44667/3

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 184/172039 | CONSTRUCTION OF NEW CLASS ROOM (6 NO.) IN SCIENCE COLLEGE RAIPUR (C.G.) | रू. 72.08 लाख |
| 177/172040 | SPECIAL REPAIR WORK IN VARIOUS ROADS UNDER SUB DIVISION, TILDA-NEORA | रू. 16.94 लाख |
| 189/172041 | SPECIAL REPAIR WORK OF VARIOUS ROAD OF RING ROAD NO. 2 SECTION UNDER VIDHAN SABHA SUB-DN., RAIPUR (C.G.) | रू. 50.00 लाख |
| 188/172042 | SPECIAL REPAIR WORK OF VARIOUS CULVARTS OF NARDAHA-KHARORA SECTION UNDER VIDHAN SABHA SUB-DN., RAIPUR (C.G.) | रू. 30.00 लाख |
| 190/172043 | SYNTHETIC VOLLEYBALL COURT OF KENDRIYA VIDYALAYA NO.-2 PT. DINDAYAL UPADHYAYA NAGAR AT RAIPUR UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (C.G.) | रू. 20.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.08.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

G- 252602354/3

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

दुर्ग, दिनांक 15.07.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 04.08.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 130/दुर्ग (दुर्ग)/2025 | चंदुलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भवन कचांदुर में डिपाजिट कार्य | 30.87 |
| 131/ दुर्ग (दुर्ग)/2025 | जिला दुर्ग के अंतर्गत ब्लॉक धमधा के देवरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य | 104.07 |
| 132/दुर्ग (दुर्ग)/2025 | जिला दुर्ग के अंतर्गत ब्लॉक धमधा के खिलोराकला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य | 104.50 |
| 133 / दुर्ग (बालोद) / 2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत पुल-पुलियों में विशेष मरम्मत का कार्य | 29.90 |
| 134 / दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं लघु मूल गौण का कार्य | 22.00 |
| 135/ दुर्ग (बालोद) / 2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य | 61.84 |
| 136/ दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, बालोद संभाग के अंतर्गत नये संभागीय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 174.71 |
| 137 / दुर्ग (बेमेतरा) / 2025 | नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य | 25.00 |
| 138/ दुर्ग (राज.)/2025 | माड़ीतराई वि.ख. डोंगरगढ में हाई स्कुल भवन का निर्माण कार्य | 69.33 |
| 139/ दुर्ग (खैरागढ़)/2025 | नवीन जिला खैरागढ छुईखदान गण्डई के जिला पशुधन विकास कार्यालय का भवन का निर्माण कार्य | 62.95 |

**टीप** – 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। 2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876

G-252602348/4

# रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, कॅरियर के आखिरी मैच में खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| जमैका

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल क्रिकेट से रिटायर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी20 उनके करियर का आखिरी मैच रहा, जिसमें उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की और गेंदबाजी भी की। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का दूसरा टी20 मैच उनके करियर का आखिरी मुकाबला होगा।

रसेल ने दूसरे टी20 में 240 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 36 रनों की कैमियो पारी खेली, लेकिन रसेल अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज की जीत नहीं देख पाए। आंद्रे रसेल इस मैच में तब बैटिंग करने आए जब वेस्टइंडीज का स्कोर 98/5 हो चुका था। उन्होंने आते ही तूफानी अंदाज में शॉट्स लगाने शुरू किए और अपनी 36 रनों की ताबड़तोड़ पारी में उन्होंने 2 चौके और चार छक्के लगाए। उनकी इस तूफानी पारी ने वेस्टइंडीज को 170 का स्कोर पार करने में मदद की।

## रसेल ने 240 के स्ट्राइक रेट से बनाए 36 रन

### रसेल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

आंद्रे रसेल ने अपनी रिटायरमेंट स्पीच में कहा, मैं सबीना पार्क में मौजूद लोग और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से मिले अवसरों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं अपने घरेलू फैंस के सामने संन्यास लेकर बहुत खुश हूं, लेकिन मैच का परिणाम हमारी तरफ नहीं गया। मैं खुश हूं कि अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए इतने सारे मैच खेल पाया, सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद।"



### अब आगे बढ़ने का समय

रसेल ने कहा,"मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते, लेकिन लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। रोमारियो शेफर्ड, शेरफेन रदरफोर्ड, अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर जैसे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबीना पार्क में अपना करियर खत्म करना अद्भुत है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट का खेल है। आपने हमारा बहुत समर्थन किया है और आगे भी करते रहिएगा।"वेस्टइंडीज का यह ऑलराउंडर जब आखिरी बार मैरून रंग की जर्सी में मैदान पर उतरा, तो उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### मैच नहीं जीत पाया वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज की टीम एक जीत के साथ आंद्रे रसेल को विदा नहीं कर पाई। इस मैच में कैरेबियाई टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। रसेल की 36 रनों की तूफानी पारी के अलावा ब्रेंडन किंग ने 51 रनों की पारी खेली थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 28 गेंद शेष रहते 8 विकेट की आसान जीत अपने नाम की। सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श कुछ खास कमाल नहीं कर पाए, लेकिन जोश इंग्लिश 78 रन और कैमरन ग्रीन 56 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### ऐसा रहा आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल कॅरियर

आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल करियर देखा जाए तो उसमें उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के लिए तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 143 मुकाबले खेले, जिसमें वह 23.97 के औसत से 2158 रन बनाने में कामयाब रहे। रसेल अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी शतकीय पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें उनके बल्ले से 7 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था। वहीं रसेल का गेंदबाजी में रिकॉर्ड देखा जाए तो वह 32.21 के औसत से 132 विकेट लेने में कामयाब रहे। रसेल ने कुल 9 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के अलावा एक बार प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता है। इसके अलावा 2 बार आंद्रे रसेल वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने विंडीज टीम को ट्रॉफी जितवाने में अहम भूमिका अदा की।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला क्रिकेट ने रचा इतिहास, वनडे सीरीज पर किया कब्जा

चेस्टर ली स्ट्रीट। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर इतिहास रच दिया है। इस दौरान उन्होंने पहले 5 मैचों की टी20 सीरीज को 3-2 से जीता तो वहीं अब तीन मैचों की वनडे सीरीज को भी 2-1 से जीतने में कामयाब रही। इस वनडे सीरीज का आखिरी मैच 22 जुला को चेस्टर ली स्ट्रीट के मैदान पर खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की बेहतरीन शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रनों का स्कोर बनाया था। जबकि टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 305 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम पहली बार इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज में मात देने में कामयाब हुई है। इंग्लैंड महिला टीम के लिए तीसरे वनडे में टीम इंडिया की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी। क्रांति ने इस मैच में अपने 9.5 ओवर्स में 52 रन देने के साथ 6 विकेट हासिल किए।

### महिला पेशेवर गोल्फ टूर नेहा ने बनाई बढ़त



**कोलार** (कर्नाटक)। नेहा त्रिपाठी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से बुधवार को महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 10वें चरण में एक शॉट की बढ़त बना ली। पिछले हफ्ते नौवें चरण में उप विजेता रही नेहा ने पांच बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। नेहा ने दुर्गा निट्टूर (70) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। नेहा और दुर्गा के अलावा सिर्फ रिद्धिमा दिलावरी ही पार या इससे बेहतर का स्कोर बना सकीं। वह अंतिम चार होल में दो बर्डी की मदद से पार 72 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं।

### डीसी ओपन : एम्मा ने मार्टा को हराया, किया अगले दौर में प्रवेश



**वाशिंगटन।** एम्मा राडुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवा टूर्नामेंट है, जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी राडुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।

## भारत-इंग्लैंड चौथा टेस्ट, पहले दिन बने कई बड़े रिकॉर्ड

# जायसवाल-सुदर्शन का अर्धशतक, पंत चोटिल, भारत के 4 विकेट पर 264 रन

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड 2-1 से सीरीज में आगे है। चौथे टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

साई सुदर्शन और यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक जड़ा। ऋषभ पंत चोट के कारण रिटायर हर्ट हुए। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 83 ओवर में 4 विकेट पर 264 रन बनाए। शार्दुल ठाकुर 19 और रविंद्र जडेजा 19 रन बनाकर क्रीज पर। यशस्वी जायसवाल 58, केएल राहुल 46, साई सुदर्शन 61 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत 37 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुए। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने 2 विकेट लिए। क्रिस वोक्स और लियाम डॉसन ने 1-1 विकेट लिए।

**इंग्लैंड में 1 हजार टेस्ट रन बनाने वाले पहले विदेशी विकेटकीपर-बल्लेबाज बने पंत :** ऋषभ पंत इंग्लैंड में 1 हजार टेस्ट रन बनाने वाले पहले विदेशी विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए हैं। मैनचेस्टर में पंत को बुधवार को इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 19 रनों की जरूरत थी और उन्होंने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट की भारत की पहली पारी के 61वें ओवर की तीसरी गेंद पर ब्रायडन कार्स को छक्का लगाकर यह लक्ष्य हासिल किया। चोटिल होने के समय वह 48 गेंद पर 37 रन बनाकर नाबाद थे। उनके बल्ले से 2 चौके और 1 छक्का आया है।



### यशस्वी ने कर दिया कमाल

यशस्वी ने पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 96 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यशस्वी ने अपनी 50 रन की पारी के दौरान एक शानदार छक्का और 9 चौके भी जड़े। इस अर्धशतकीय पारी के साथ ही वो मैनचेस्टर में 1974 के बाद इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बल्लेबाज बने। यशस्वी जायसवाल से पहले इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में 1974 में बतौर भारतीय ओपनर अर्धशतक लगाने का कमाल सुनील गावस्कर ने किया था। अब 51 साल के बाद किसी भारतीय बल्लेबाज ने इस मैदान पर बतौर ओपनर अर्धशतक लगाने का कमाल कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीता था और फिर गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की तरफ से पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 94 रन की अच्छी साझेदारी हुई। केएल राहुल पहली पारी में 46 रन के स्कोर पर आउट हो गए और अपने अर्धशतक से चूक गए। राहुल ने अपना विकेट क्रिस वोक्स की गेंद पर गंवाया।

### पंत बुरी तरह चोटिल

मैनचेस्टर के मैदान पर बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत बुरी तरह से चोटिल हो गए हैं। पंत की इस चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा है। पंत अपनी बैटिंग को बीच में ही छोड़कर ग्राउंड से बाहर चले गए हैं। पंत को एक गाड़ी की मदद से बाहर लेकर जाया गया। लॉर्ड्स टेस्ट में पंत अपनी उंगली इंजर्ड करवा बैठे थे, जिसके बाद वह दोनों ही पारियों में कीपिंग नहीं कर सके थे।

### दिग्गजों की लिस्ट में पंत

पंत इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले छठे भारतीय क्रिकेटर हैं। उनसे पहले बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सुनील गावस्कर, विराट कोहली और केएल राहुल ऐसा कर चुके हैं। पंत ने दिग्गजों की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

### राहुल ने छुआ नया मुकाम

भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस मैच में 11 रन बनाकर एक खास उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह पांचवें भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर-विराट कोहली जैसे दिग्गजों की लिस्ट में अपना नाम शामिल कर लिया है।

### भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट रन

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | - 17 मैच- 1575 रन |
| राहुल द्रविड़ | - 13 मैच- 1376 रन |
| सुनील गावस्कर | - 16 मैच- 1152 रन |
| विराट कोहली | - 17 मैच- 1096 रन |
| केएल राहुल | - 13 मैच- 1035 रन |
| ऋषभ पंत | - 13 मैच- 1004* रन |

### इंग्लैंड में विदेशी विकेटकीपर के सर्वाधिक टेस्ट रन

| | |
|---|---|
| ऋषभ पंत (भारत) | 1004* |
| एमएस धोनी (भारत) | 778 |
| रॉड मार्श (ऑस्ट्रेलिया) | 773 |

## चाइना ओपन

# सिंधू ने 62 मिनट के कड़े मुकाबले में जापान की मियाजाकी को हराया

- सिंधू ने मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में किया प्रवेश
- सात्विक-चिराग की जोड़ी की दमदार शुरुआत, जापान को हराया



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।

## महिला यूरो टूर्नामेंट

# इंग्लैंड ने इटली को हराया फाइनल में किया प्रवेश



एजेंसी ▶▶| जिनेवा

गत विजेता इंग्लैंड ने हार की कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए इटली को 2-1 से पराजित करके महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया।

जब इटली की जीत सुनिश्चित लग रही थी तब मैच का पासा एकदम से पलट गया और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने में सफल रहा, जहां उसका सामना जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इटली ने बारबरा बोनसी के 33वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल की, जिसे उसने निर्धारित समय के खेल के अंतिम क्षणों तक बरकरार रखा था। इटली जब जीत का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में मिशेल अग्येमंग ने गोल करके इंग्लैंड को बराबरी दिला दी। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। इसके बाद जब लग रहा था कि मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट में होगा तब इंग्लैंड ने 119वें मिनट में क्लो केली के गोल से जीत हासिल कर ली। इटली के खिलाड़ी इस हार के बाद अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सकी और उनके आंसू निकल आए।

### आईओए को मिलेगा नया सीईओ, अय्यर की हो सकती है नियुक्ति

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के भीतर लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म होने की ओर बढ़ता दिख रहा है क्योंकि कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों के रघुराम अय्यर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी देने की उम्मीद है। विरोध कर रहे कार्यकारी परिषद के इन सदस्यों ने जनवरी 2024 में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा की ओर से की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण सीईओ के लिए 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे। कार्यकारी परिषद की सितंबर 2024 में हुई बैठक में भी इसका हल नहीं निकला, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एक अधिकारी ने वर्चुअल रूप से भाग लिया था। पता चला है कि खेल मंत्रालय के आग्रह पर सुलह होने वाली है।

# एआईयू ने संयुक्त सचिव सेखों को किया सस्पेंड जांच के लिए बनाई पैनल

**नई दिल्ली।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है। जांच समिति की अध्यक्षता बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति अनिल कुमार कलकल करेंगे। इससे पहले, खेल मंत्रालय ने भी इस घटनाक्रम पर संज्ञान लिया था।



### छह खिलाड़ियों को भाग लेने से रोका

भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों ने सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था।

# दिव्या ने रचा इतिहास, महिला विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाली बनीं पहली भारतीय

एजेंसी ▶▶| बातुमी (जॉर्जिया)

- कोनेरू हम्पी ने 75 चाल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के साथ खेला ड्रॉ

अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने बुधवार को फिडे महिला विश्व शतरंज कप के सेमीफाइनल के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की झोंगयी टैन को पराजित कर मिनी मैच 1.5-0.5 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रक्रिया में दिव्या कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं।

फाइनल में जगह बनाने के साथ ही अगले साल महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनका प्रवेश भी सुनिश्चित हो गया है, जिससे मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोनर झू और तत्कालीन हमवतन ग्रैंडमास्टर डी हरिका को क्वार्टर फाइनल में हराने के बाद दिव्या ने इस प्रतियोगिता में अपना दबदबा बरकरार रखा और टैन के खिलाफ 101 चाल में जीत उनके बढ़ते शतरंज कौशल का प्रमाण था। दूसरे सेमीफाइनल में कोनेरू हम्पी ने 75 चाल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के साथ ड्रॉ खेला। हम्पी अब छोटे प्रारूप में लेई के खिलाफ टाई-ब्रेकर खेलेंगी।



## नवरातिलोवा के बाद एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस

# वीनस ने 45 की उम्र में रचा इतिहास, बनीं टेनिस की 'आयरन लेडी'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने अपने करियर में 45 साल की उम्र में एक और बड़ी उपलब्धि को हासिल की है। अब वह प्रोफेशनल सिंगल्स मैच जीतने के मामले में दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया।

वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।



### मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत

उन्होंने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

### मार्टिना नवरातिलोवा पहले नंबर पर काबिज

महिला टेनिस में सबसे अधिक उम्र में सिंगल्स मैच जीतने के मामले में मार्टिना नवरातिलोवा के नाम अभी रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें उन्होंने साल 2004 में 47 साल की उम्र में ये कारनामा किया था जब उन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को मात दी थी। वीनस विलियम्स ने इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद दिए बयान में कहा कि यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद वापसी करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन मुझे इसे साबित करने के लिए जीतकर दिखाना था। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है।

भारत की 13वीं निजी यूनिवर्सिटी यूजीसी 12 (बी) मान्यता प्राप्त | यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत यूजीसी द्वारा अनुमोदित

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी
## रायपुर, छत्तीसगढ़

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट 25 रजत जयंती वर्ष — श्रद्धा - आस्था - विश्वास - परिश्रम - प्रयास

Approved & Recognized by :



"Engineers Nahin, Innovators Banate Hain Hum!"

# FACULTY OF ENGINEERING

| 100% Placement Assistance | 150+ Research Articles | 100+ National. + Int. National Conference / Workshops | 100+ Patents |
|---|---|---|---|

## Major Programmes Offered

**ENGINEERING**

Diploma & B.Tech..

> Civil > CSE > EEE > Electrical > Mining > Fire & Safety
> Metallurgy > Mechanical

M.Tech..

> Automobile > Computer Science > HSE > Metallurgy
> Mining > Production > Thermal > Machine Design
> Structure > Highway > Construction > Power Electronics
> Instrumentation & Control Power System & Control > Geotech
> Urban & Town Planning

SCIENCE PHARMACY COMMERCE & MANAGEMENT LAW ARTS

## ADMISSIONS OPEN

Scan Now

"Visit Campus on SUNDAY also"

Follow on :

- 65-Acre Lush Green Campus
- 8000+ Students from Across the Globe
- Separate Hostels for Boys & Girls
- 100% Campus Placement Drive
- Cutting-Edge Research & Innovation Centers
- Global Collaborations & Exchange Programs
- National-Level Excellence Partnerships
- Advanced Learning Infrastructure
- Career Development & Training Support
- Scholarship Schemes Available
- Easy Fee Payment Plans (Flexible EMI's)
- Safe & Convenient Transportation

HIRA accenture DECATHLON Capgemini SCHWING Stetter Johnson TOYOTA Apollo Pharmacy Evoke Technologies Subros lenskart CorroHealth policybazaar Schindler Vandana Global TATA POWER BALCO american chase vedanta AIG Dr.Reddy's KALYANI UltraTech ELEATION KALYANI WINGS PHARMA RAMAKRISHNA CARE ICICI Bank EY CRYOVIVA

7222910411 एन.एच.30, न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) www.sruraipur.ac.in

Other Institutes Associated with
Shri Rawatpura Sarkar Lok Kalyan Trust (SRLKT)
For Contact : 7222910430

| Kumhari | Raipur | Bilaspur | Nava Raipur | Mandla | Shahdol |
|---|---|---|---|---|---|
| Pharmacy, Nursing, Education | Nursing, Education, ITI | Nursing | Nursing, Paramedical | Nursing | Nursing |
| **Sagar** | **Jabalpur** | **Chitrakot** | **Jhansi** | **Dham** | |
| Pharmacy, Education, Sanskrit Edu. | Pharmacy, Paramedical | Pharmacy, Education, ITI | Pharmacy, Education, ITI / BA | Education, Sanskrit Edu. | |

## SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS

REGISTRATION OPEN 2025-26

PHARMACY COURSES :
▸ D. Pharma ▸ B. Pharma ▸ M. Pharma

NURSING COURSES :
▸ B.Sc. Nursing ▸ Post Basic B.Sc. Nursing ▸ M.Sc. Nursing

Contact for more details: 7222910430/72

# नौ दिन की मेहनत के बाद पकड़े गए श्याम मंदिर के चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

रायगढ़ के प्रतिष्ठित श्याम मंदिर में हुई 27 लाख की चोरी का राज़ एक तस्वीर और एक ग्रामीण की टिप से खुला। इस हाई-प्रोफाइल केस में जहां श्रद्धालु आहत थे, वहीं रायगढ़ पुलिस के सामने चुनौती थी। नौ दिनों की इस क्राइम इन्वेस्टीगेशन में पुलिस ने तकनीक, खुफिया तंत्र और मेहनत से यह केस सुलझा दिया। बिलासपुर रेंज आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने बुधवार को मामले का सिलसिलेवार खुलासा किया।चोरी की रात पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। मंदिर परिसर, मुख्य सड़कों, सब्ज़ी मार्केट, रेलवे स्टेशन सहित तमाम वो जगह जहां संदेह की सुई घूमी। इन्हीं में एक फुटेज में एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में दिखा। उसके हावभाव, चाल-ढाल और मूवमेंट पुलिस को खटक गया। तस्वीर स्पष्ट नहीं थी, लेकिन अनुभव और संदेह के आधार पर पुलिस ने उसका स्केच और फोटो सोशल मीडिया पर जारी किया। तस्वीर वायरल होने के बाद एक ग्रामीण ने पहचान की। "यह तो सारथी यादव है, सरिया के ठेंगागुड़ी का रहने वाला! फिर क्या पुलिस तुरंत उसके गांव पहुंची, लेकिन आरोपी पहले ही फरार हो चुका था। हालांकि पुलिस भी हार नहीं मानने वाली थी। पुलिस ने चोर को पकड़ने जी जान लगा दी। ऐसे में आखिरकार मास्टरमाइंड पुलिस की पकड़ में आ गया। आरोपी के साथ अन्य 5 लोग भी गिरफ्तार हुए हैं।



### कैसे रची गई श्याम मंदिर में चोरी की साजिश

चोरी की यह घटना 13 जुलाई रात की है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले से ही मंदिर परिसर की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। वह नियमित रूप से दर्शनार्थी बनकर आता-जाता रहा ताकि मंदिर की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और ताले आदि की जानकारी हासिल कर सके। 13 जुलाई की रात लगभग 2 बजे के आसपास आरोपी ने पिछली दीवार से मंदिर परिसर में प्रवेश किया। वह पहले सीधे उस स्थान पर गया जहां मंदिर का दानपात्र रखा हुआ था।

### बिना मोबाइल वाला मास्टरमाइंड

अक्सर चोर पुलिस के खेल में चोर पुलिस से ज्यादा समझदार होता है। यही वजह रहती है कि अपराधी पुलिस को कई दिनों तक छकाए रखता है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। मुख्य आरोपी सारथी यादव मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था। कोई डिजिटल ट्रेस नहीं छोड़ता।

# छह माह में हाईवे पर सड़क हादसों से 27 हजार की मौत

**नई दिल्ली।** देश भर में इस वर्ष जनवरी से जून के बीच राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई दुर्घटनाओं में 26,770 लोगों की जान चली गई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में यह भी बताया कि वर्ष 2024 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 52,609 घातक दुर्घटनाएं हुईं। गडकरी ने बताया कि एनएचएआई ने अत्यधिक यातायात वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे जैसे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ट्रांस-हरियाणा, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 'एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' स्थापित किया है।




## भारी भूस्खलन से सड़क धंसी, घरों को नुकसान

मंगलुरु। मंगलुरु के बाहरी इलाके पेरमंकी में बारिश के कारण हुए भुस्खलन की वजह से उलयिबेट्टू को पेरमई चर्च से जोड़ने वाली सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया जिससे स्थानीय निवासियों को अब मंगलुरु पहुंचने के लिए मल्लूरु होकर लंबा मार्ग अपनाना पड़ रहा है।

## कोयला घोटालाः आरोपियों की संपत्ति अटैच करने के खिलाफ याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाले मामले में सूर्यकांत तिवारी और सौम्या चौरसिया सहित परिवार के लोगों की संपत्ति ईडी द्वारा अटैच करने को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई थी। सभी 10 याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा गया था। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज दी है।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस विभू दत्त गुरु की डिवीजन बेंच में सभी पहलुओं पर लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था, इस याचिका को कोर्ट ने लंबी कानूनी बहस के बाद खारिज कर दिया है। दरअसल ईडी रायपुर ने अवैध कोयला लेवी घोटाले से संबंधित मामले में सूर्यकांत तिवारी और अन्य से संबंधित पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत 30 जनवरी 2025 को कुल मिलाकर 49.73 करोड़ रुपए मूल्य की 100 से अधिक चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है, जिसमें बैंक बैलेंस, वाहन, नकदी, आभूषण और जमीन शामिल हैं। इसके सूर्यकांत तिवारी के भाई रजनीकांत तिवारी, कैलाशा तिवारी, दिव्या तिवारी की भी संपति अटैच की गई है।
















BANKING PARTNER HDFC BANK IDFC FIRST Bank
TOLL FREE NO. 1800-266-0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. ##Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer valid till 31st July. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, अनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोगुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, डरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com